नगर संस्करण

# गुड इवनिंग

सांध्य दैनिक

इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

पेज-3 बारिश के दौरान निगम की आपदा प्रबंधन टीम आई मैदान में



अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, रविवार, 27 जुलाई 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 129


www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

## Short News

### ताइवान में चीन की बड़ी घुसपैठ : सीमा में घुसे 4 विमान और 10 युद्धपोत जहाज

**बीजिंग।** चीन और ताइवान के बीच जारी तनाव के बीच रविवार को एक बार फिर चीन ने अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाकर ताइवान की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। हाल के महीनों में यह ऐसी कई घटनाओं में से एक है, जिसने क्षेत्रीय स्थिरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रविवार सुबह 6 बजे तक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 4 लड़ाकू विमान और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी के 10 जहाज ताइवान के आसपास सक्रिय पाए गए। सभी चार चीनी विमानों ने ताइवान और चीन के बीच की मध्य रेखा को पार करते हुए दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया।

### सीपीआईएम ने रामचरितमानस पाठ की सलाह को बताया संविधान की मूल भावना के खिलाफ




**भोपाल।** रामचरितमानस को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। इस बार मामला मध्यप्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण से जुड़ा है, जहां अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजा बाबू सिंह ने प्रशिक्षु आरक्षकों को रामचरितमानस का पाठ करने की सलाह दी। उनका कहना था कि इससे घर की याद (होमसिकनेस) दूर करने और नैतिक मूल्यों की शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। हालांकि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे संविधान की धर्मनिरपेक्ष आत्मा के खिलाफ बताया है और एडीजी पर कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, बुधवार को प्रदेश के आठ पुलिस प्रशिक्षण स्कूलों में करीब 4,000 नए पुलिसकर्मियों के लिए नौ माह का बुनियादी प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी राजा बाबू सिंह ने प्रशिक्षुओं से कहा कि उन्हें श्रीराम के जीवन और गुणों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सभी प्रशिक्षण स्कूलों के प्रमुखों को सलाह दी कि प्रत्येक रात सोने से पहले श्रीरामचरितमानस के एक या दो अध्याय सामूहिक रूप से पढ़े जाएं। हालांकि बाद में एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कोई अनिवार्य अभ्यास नहीं है और अन्य धर्मों के प्रशिक्षुओं को इसमें भाग लेने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।

### हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 6 श्रद्धालुओं की मौत



**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में आज सुबह भीड़ के कारण भगदड़ मचने से 6 लोगों की मौत हो गई है। प्रशासन का कहना है कि मंदिर में काफी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके कारण भगदड़ मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गईं और राहत कार्य शुरू कर दिया गया है। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शिंकर पांडे ने समाचार एजेंसी अठकको बताया कि हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भारी भीड़ जमा होने के बाद भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में 6 लोगों की मौत हो गई है. उन्होंने कहा कि मैं घटनास्थल के लिए रवाना हो रहा हूं।

# हरी-भरी वादियों से गुजरी हेरिटेज ट्रेन, पर्यटक हुए उत्साहित

गुड इवनिंग, इंदौर

*महू तहसील के पातालपानी रेलवे ट्रैक पर प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज ट्रेन की कल से शुरुआत हो गई। पहले दिन जब यह ट्रेन हरी-भरी वादियों से गुजरी तो पर्यटक रोमांचित हो उठे।*



पहले ही दिन ट्रेन की ज्यादातर सीटें भर गई थी और लोगों ने दस किलोमीटर के इस सुहाने सफर का लुत्फ लिया। इस ट्रेन का संचालन नवंबर तक होगा। पातालपानी रेलवे स्टेशन से ट्रेन सुबह 11 बजे चली थी। ट्रेन की 120 सीटों में से ज्यादातर सीटें भरी थी। रविवार को भी अच्छी बुकिंग है। ट्रेन सबसे पहले पातालपानी झरने पर पंद्रह मिनट के लिए रुकी। यहां यात्रियों ने झरने को देखा और खान-पान के स्टॉलों पर जाकर नाश्ता भी किया। कुछ यात्री पातालपानी स्टेशन के बजाए यहां से ट्रेन में सवार हुए। इसके बाद ट्रेन झरने, हरी भरी वादियों, सुरंगों के बीच से होकर कालाकुंड तक गई। यहां ट्रेन करीब दो घंटे रुकी। ट्रेन में सवार यात्रियों ने रेलवे द्वारा विकसित म्यूजियम को देखा। इसके अलावा ग्रामीणों द्वारा तैयार किए गए देसी व्यंजनों को भी खाया।

दोपहर तीन बजे ट्रेन फिर पातालपानी के लिए रवाना हुई। इस ट्रेन में दो विस्टाडोम कोच और तीन नॉन एसी चेयर कार कोच है। विस्टाडोम कोच का एक ओर का किराया 265 रुपए है, जबकि नॉन एसी चेयर कार का किराया 20 रुपए प्रति सवारी तय किया गया है। इस हेरिट्रेज ट्रेन का संचालन 25 दिसंबर 2018 को किया गया था। बारिश और ठंड के सीजन में इस ट्रेन को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिलता है।



# इंदिरासागर के 12 गेट खोले ओंकारेश्वर डेम के भी खुलेंगे

गुड इवनिंग, खंडवा

*प्रदेश के पूर्वी निमाड़ जिले में सावन के करीब 15 दिन सूखे बीतने के बाद अब मानसून ने रंग दिखाना सुरू किया है। यहां नर्मदा नदी के ऊपरी कछार में हो रही भारी बारिश के बाद नर्मदा का जल स्तर तेजी से बढ़ा है, तो वहीं बरगी और तवा बांध के गेट खुलने से खंडवा जिले के पुनासा ब्लॉक स्थित इंदिरा सागर सहित ओंकारेश्वर बांध के गेट रविवार सुबह से खोले जाने का निर्णय लिया गया है।*



इसको लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी सभी प्रमुख तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके बाद रविवार अल सुबह 4 बजे एशिया की सबसे बड़ी परियोजना इंदिरा सागर बांध के 12 रेडीयल गेट खोले गए। इनमें 10 मुख्य स्पिल्वें गेटों की ओपनिंग 0.50 मीटर तक की गई। इसके साथ ही दो मुख्य स्पिल्वें गेटों की ओपनिंग 1.0 मीटर तक की गई। वहीं इसके जरिये अब इंदिरा सागर डेम से 1620 क्यूमेक्स जल का डिस्चार्ज किया जा रहा है।

## कई राज्यों में आज भारी बारिश की चेतावनी

## मप्र में रेड अलर्ट, नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर



**नई दिल्ली/भोपाल।** भारतीय मौसम विभाग ने आज यानी रविवार को देश के कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं मध्यप्रदेश में तेज बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी राजस्थान, गुजरात और पश्चिमी मध्य प्रदेश के इलाकों में भारी से अति भारी बारिश की आशंका जताई गई है। वहीं अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तटीय कर्नाटक, पूर्वी मध्य प्रदेश, में भी आज भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश में भारी बारिश का दौर चल रहा है। कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। रविवार को पहली बार 53 जिलों में अति भारी और भारी बारिश का रेड, ऑरेंज-यलो अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर-उज्जैन दोनों संभाग के सभी 15 जिलों में पहली बार एक साथ रेड और ऑरेंज अलर्ट है।

## बॉर्डर पर फिर गूंजी तोपें...

## थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष चौथे दिन भी जारी, सीजफायर की अपील बेअसर



नोम पेन्ह, एजेंसी

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहा सीमा विवाद रविवार यानी आज चौथे दिन भी नहीं थमा। संघर्ष विराम की अपीलों के बावजूद दोनों देशों की सेनाओं के बीच भारी गोलाबारी जारी रही। रविवार सुबह से ही सीमा क्षेत्र में तोपों की आवाजें गूंजती रहीं। रविवार तड़के बॉर्डर पर संघर्ष शुरू हुआ। कंबोडिया के सम्रोंग शहर में तोपों की लगातार गूंज लोगों के बीच दहशत का कारण बन रही है। यह शहर बॉर्डर से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है, इसके बावजूद धमाकों की आवाज वहां तक पहुंच रही है, जो बताता है कि सीमा पर हालात कितने तनावपूर्ण हैं। यह झड़पें ऐसे समय हो रही हैं जब दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की संभावनाओं को लेकर कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। हालांकि, रविवार सुबह की गोलाबारी से साफ है कि जमीनी स्तर पर स्थिति अब भी बेहद नाजुक बनी हुई है। दरअसल, दोनों देशों के बीच 817 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा को लेकर विवाद है। विशेषकर यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित 'प्रीह विहेयर' मंदिर को लेकर तनाव ज्यादा रहा है। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने यह मंदिर कंबोडिया को सौंप दिया था, लेकिन थाईलैंड ने उस फैसले को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया।

## जलवायु परिवर्तन के सबसे गंभीर प्रभावों से पूरी तरह बचना अब असंभव

# खतरनाक तापमान सीमा को पार कर चुकी पृथ्वी

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां जलवायु परिवर्तन अब सिर्फ एक भविष्य का खतरा नहीं, वर्तमान की सबसे बड़ी सच्चाई बन चुका है।

अर्थ सिस्टम साइंस डाटा नामक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित ताजा विश्लेषण के अनुसार वर्ष 2024 में मानवजनित वैश्विक तापमान वृद्धि 1.36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गई है, जिससे औसत वैश्विक तापमान 1.52 डिग्री सेल्सियस हो गया। यानी पृथ्वी पहले ही उस खतरनाक तापमान सीमा को पार कर चुकी है जिसे पार नहीं करने की चेतावनी वैज्ञानिक समुदाय वर्षों से देता आ रहा है।

## 197 में सिर्फ 25 देशों ने दिखाई गंभीरता



इस रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन के सबसे गंभीर प्रभावों से पूरी तरह बचना अब असंभव हो गया है। चाहे अत्यधिक तापमान हो, बाढ़ हो या समुद्र का बढ़ता स्तर। पृथ्वी के हर हिस्से पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। दुनिया का कार्बन बजट यानी वह अधिकतम मात्रा जो हम बिना तापमान वृद्धि को नियंत्रित किए उत्सर्जित कर सकते हैं मौजूदा उत्सर्जन दर पर तीन साल से भी कम समय में खत्म हो जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के 197 सदस्य देशों में से अभी तक केवल 25 देशों ने अपनी नई राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान योजनाएं(एनडीसीज) जमा की हैं। ये योजनाएं बताती हैं कि कोई देश ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को किस तरह कम करेगा और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कैसे ढलेगा। ये 25 देश विश्व उत्सर्जन का केवल 20% प्रतिनिधित्व करते हैं। इसका मतलब यह है कि अब भी 172 देशों को अपनी जलवायु योजनाएं पेश करनी बाकी हैं। अफ्रीकी देशों में सिर्फ सोमालिया, जाम्बिया और जिम्बाब्वे ने अब तक अपनी योजनाएं प्रस्तुत की हैं।

### दुनिया के सामने तीन प्रमुख संकट

रिपोर्ट के अनुसार दुनिया तीन प्रमुख संकटों से जूझ रही है। पहला संकट है, तेजी से घटता कार्बन बजट। पेरिस समझौते के 1.5 डिग्री सेल्सियस लक्ष्य को बचाने के लिए जितनी कार्बन उत्सर्जित की जा सकती है, वह समय सीमा खत्म होने के करीब है। दूसरा,चरम मौसमी घटनाओं जैसे बाढ़, लू, जंगलों की आग और बेमौसम बारिश में भारी वृद्धि हो रही है।



# रन फॉर अवेयरनेस' मैराथन : हजारों लोगों ने नशामुक्ति का दिया संदेश





**इंदौर।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत रविवार को इंदौर पुलिस द्वारा आयोजित जागरूकता मैराथन रन फॉर अवरनेस, रन फॉर लाइफ का सफल आयोजन हुआ। नेहरू स्टेडियम से शुरू हुई इस दौड़ को एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह और मनोज कुमार श्रीवास्तव ने फ्लैग ऑफ किया। 5 और 10 किलोमीटर की इस दौड़ में युवाओं, महिलाओं और बच्चों समेत करीब 2362 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दौड़ से पहले सभी को नशे से दूरी की शपथ दिलाई गई। आयोजन में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के



निर्देशन में शहर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एसीपी, थाना प्रभारी सहित कई अधिकारी शामिल रहे। दौड़ के बाद सभी प्रतिभागियों को एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया द्वारा प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। आयोजन ने शहरवासियों को नशे के खिलाफ एकजुट होने और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाने का प्रेरक संदेश दिया।

# जब भी, जो भी कर्म करें, पूरी श्रद्धा, उत्साह और प्रसन्नता से करें: परमानंदजी

गुड इवनिंग, इंदौर

हम जो भी कर्म करें, पूरी श्रद्धा, उमंग और उत्साह के साथ करें। जीवन में काम, क्रोध और लोभ जैसे विकार ही हमारे पतन के कारण बनते हैं। समाज में आदिकाल से देवता और राक्षसों के बीच संग्राम होते आ रहा है, वैसा ही हमारे मन में भी देवीय और आसुरी प्रवृत्तियां हमेशा एक-दूसरे से लड़ती रहती हैं। इसी लड़ाई में कई बार सज्जन लोगों से भी बुराई हो जाती है। आसुरी प्रवृत्तियां जब हमारी देवीय वृत्तियों पर हावी हो जाती हैं तो बुरे कर्म और जब देवीय वृत्तियां आसुरी प्रवृत्तियों पर कंट्रोल कर लेती हैं तो शुभ कर्म होते हैं। जैसे शरीर की बीमारियों के लिए डॉक्टर और वैद्य की जरूरत होती है, वैसे ही मन की बीमारियों के लिए भी सत्संग की जरूरत होती है। जब भी, जो भी कर्म करें पूरी श्रद्धा, उत्साह और प्रसन्नता के साथ करें। मन मारकर करेंगे तो सफलता नहीं मिलेगी।





यह दिव्य विचार हैं, राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के न्यासी एवं युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के, जो उन्होंने शनिवार को खंडवा रोड स्थित अखंड परम धाम आश्रम पर चल रहे 29वें ध्यान एवं योग शिविर के छठे दिन उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए। आज प्रवचन शुभारंभ के पूर्व साध्वी चैतन्य सिंधु, हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद, जयपुर से पधारे स्वामी प्रहलाद पुरी, महामंडलेश्वर साध्वी दिव्य चेतना गिरि, भागवताचार्य पं. पवन पुष्पा नंदन तिवारी आदि का स्वागत किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, रामबाबू अग्रवाल, विजय गोयनका, सुरेश शाहरा, राजेश रामबाबू अग्रवाल, विजय शादीजा, मुकेश राजानी, तिलकराज ठक्कर, निरंजन पुरोहित आदि ने किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गौशाला के लिए दान देने तथा सामूहिक विवाह के लिए सहयोग देने के संकल्प भी व्यक्त किए।

सत्संग में हरिद्वार से आई महामंडलेश्वर साध्वी दिव्यचेतना गिरि ने कहा कि जिस दिन हम माता-पिता को भगवान समझने लग जाएंगे, किसी और मंदिर में जाने की जरूरत नहीं रहेगी। पत्थर की मूर्तियों को हम भगवान समझकर पूजने जाते हैं, लेकिन घर में मौजूद भगवान के प्रतिरूप माता-पिता के प्रति भी हमारा भाव भगवान की तरह ही होना चाहिए। बच्चों के साथ भी हमारा व्यवहार वैसा ही होना चाहिए, जैसा हम भगवान राम और कृष्ण के बाल्यकाल की तरह करना चाहते हैं। हम भले ही एक पल के लिए उन्हें भगवान मान लें, मन में श्रद्धा का भाव जागृत हो जाएगा तो किसी तरह का विवाद नहीं रहेगा। सोते हुए भी यदि हमारे मन में अपने माता-पिता के प्रति पूर्व में किए गए व्यवहार को लेकर प्रायश्चित का भाव आ जाए तो हमारा जीवन संवर जाएगा। धर्मसभा को महामंडलेश्वर ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में भरत बागोरा ने मनोहारी भजन प्रस्तुत किए।

युगपुरुष स्वामी परमानंद महाराज ने कहा कि हमारी सरकार कई तरह के काम करती है। हमारी इसलिए कि देश के हित में सोचती है। सरकार चला लेना ही काफी नहीं है, भविष्य का चिंतन भी करना होता है। मुनि विश्व मित्र राजा दशरथ के पास राम को लेने गए थे, क्योंकि उन्हें राक्षसों का मुकाबला करना था। राक्षस अभी भी मौजूद हैं। समाज में जो राक्षस होते हैं वे तो होते ही हैं, मन में भी देवी प्रवृत्ति और आसुरी प्रवृत्ति जैसे राक्षस मौजूद हैं। इन्हीं के संघर्ष के कारण हमसे अच्छे और बुरे कर्म होते हैं। हमारे कर्म शुभ और श्रेष्ठ हों, इसलिए संतों और गुरुओं के सानिध्य की जरूरत पड़ती है। हम भाग्यशाली हैं, कि हमें भारत भूमि में जन्म मिला और सत्संग में भी आने का मौका मिलता है। इसलिए जीवन में जो भी करें, पूरी श्रद्धा, निष्ठा और उत्साह के साथ करे। अपना कल्याण हमें स्वयं करना होगा। कोई दूसरा हमारे कल्याण के लिए नहीं आएगा। भगवान राक्षसों को मारने के बाद भी उनको सदगति प्रदान करते हैं, इसलिए निश्चित रहें कि तुमको भी सदगति ही मिलेगी।

## पारंपरिक परिधानों में मेहंदी लगाकर मनाया हरियाली तीज महोत्सव



गुड इवनिंग, इंदौर

वैश्य महासम्मेलन महिला संगठन और युवती संगठन द्वारा नगर के लोधी धर्मशाला में हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। यहां महिलाओं ने हरे रंग के पारंपरिक पोशाक धारण कर मेंहदी लगाकर उत्सव मनाया। यहां अतिथि के रुप में संभागीय अध्यक्ष भारती खंडेलवाल, गायक चंदन कुंदन वाला, पूर्व सरपंच आरती शर्मा, मनजीत गर्ग द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वात जिलाध्यक्ष पूजा खंडेलवाल, जिला प्रभारी उमा गोयल और सचिव सपना अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि भारती ने कहा कि हरियाली तीज का पर्व हमें सिखाता है कि नारी केवल श्रृंगार के प्रतीक नहीं बल्कि शक्ति, श्रद्धा और सृजन की देवी है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुई। जिसमें मुख्य रुप से श्रृंगार में पायल परदेशी, ड्रेस में सुनिता विजयवर्गीय, मेहंदी में मंजू पावटिया, सुंदरी में संगीता पाल, स्माइल में रेखा चौधरी और हेयर में पूनम अग्रवाल सर्वश्रेष्ठ रही। कार्यक्रम का संचालन अंजना बाहेती और स्वाति विजयवर्गीय ने किया। आभार प्रीति खंडेलवाल ने माना।

## बाणेश्वर महादेव की शाही सवारी का स्वागत होगा

**इंदौर।** श्रावण के तीसरे सोमवार, 28 जुलाई को सुबह 9 बजे बाणेश्वर धाम कुंड बाणगंगा से निकलने वाली बाणेश्वर महादेव की शाही सवारी का यादव अहीर समाज केंद्रीय समिति जिला इंदौर के तत्वावधान में अध्यक्ष ओंकार यादव के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों द्वारा यात्रा मार्ग पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा. यादव ने बताया कि केन्द्रीय समिति द्वारा प्रदीप यादव, रणजीत यादव एवं मनीष यादव सहित 11 सदस्यों की स्वागत समिति का गठन किया गया है, जो भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत कर फलाहारी खिचड़ी, फल एवं शीतलपेय का वितरण भी करेंगे। यात्रा के प्रमुख आयोजक दीपू यादव का स्वागत भी किया जाएगा।

# आंचल की बेटियों ने जीते 6 स्वर्ण पदक




गुड इवनिंग, इंदौर

शिव कर्मस्थली सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा सांईकृपा कालोनी में संचालित निर्धन बालिकाओं के आश्रय स्थल आंचल की बालिकाओं ने भोपाल में आयोजित 11वीं जी-जित्सु कराटे की राज्य स्तरीय स्पर्धा में 6 स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आंचल की संचालक सुमित्रा मिश्रा ने बताया कि इन बालिकाओं ने विशाल बोकरे एवं दीपक खरे से कराटे एवं वीरेन्द्र निशित कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। पदक प्राप्त करने वाली बालिकाओं में परी सोलंकी, गायत्री निरोले, सुमित्रा सोलंकी ने अपनी आयु वर्ग में 2-2 स्वर्ण पदक जीते, जबकि वंशिका कुशवाह ने एक रजत पदक जीतकर इंदौर एवं संस्था का नाम रोशन किया है। बालिकाओं को मिली सफलता पर इंदौर जी-जित्सु संघ के अध्यक्ष अशोक सेन, सचिव मोनालिसा यादव एवं प्रशिक्षक लक्ष्मी चौहान और दिलजीत कौर ने बधाई देते हुए चंद्रपाल व्यायाम शाला मालवा मिल के मनोज सोमवंशी, अर्जुन ठाकुर, शुभम ठाकुर, राजू ठाकुर, राजेश मेहरा सहित सभी स्नेहीजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं व्यक्त की हैं।

### नृसिंह वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा

# हमारे धर्मग्रंथ महासागर की तरह है: विश्वरत्न सागरजी

गुड इवनिंग, इंदौर

**जिन शासन के धर्मग्रंथों में जीवन की हर समस्या और विकट से भी विकट तकलीफों के निवारण के अनेक अचूक मंत्र दिए हुए हैं। हमारे धर्मग्रंथ उस महासागर की तरह हैं, जिसमें आप जितना गहरा उतरेंगे, उतने अधिक अनमोल मोती आपके जीवन को संवारने के लिए प्राप्त होंगे। हमारे तपस्वी साधु साध्वी भगवंतों ने अपने त्याग, तप और संयम के माध्यम से समाज को इतना कुछ दिया है कि आज हजारों वर्ष बाद भी उनकी प्रासंगिकता और उपयोगिता हम सब महसूस कर रहे हैं। हमारे धर्मग्रंथों की महत्ता को अनेक दूसरे देशों ने भी स्वीकार किया है।**

युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्नसागर म.सा. ने शनिवार को अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त





तत्वावधान में नृसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। धर्मसभा को मुनि प्रवर उत्तमरत्न सागर म.सा, गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर म.सा. ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से चातुर्मास संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा एवं दीपक सुराना ने सभी समाजबंधुओं की अगवानी की। लाभार्थी परिवार का बहुमान शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, मोनिश खूबाजी, ऋषभ कोचर द्वारा किया गया।

प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जीवन में हर दिन सब कुछ मिल सकता है, पर सब कुछ देकर भी एक दिन नहीं मिल सकता। समाज को उन साधु साध्वी भगवंतों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिन्होंने उस युग में बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान उनके मंत्रों के माध्यम से खोजकर उन्हें अपने धर्मग्रंथों में लिपिबद्ध किया। अनेक ऐसे अवसर भी आए, जब हमारे धर्मग्रंथों को विधर्मियों ने नष्ट करने का भी प्रयास किया, लेकिन अपने शिष्यों और साधकों के साथ उन्होंने इतना पुरुषार्थ किया कि आज भी वे धरोहर के रूप में हम सबके बीच मौजूद हैं और पीड़ित मानवता का मार्ग दर्शन कर रहे हैं।

## तेज बारिश के बाद सड़कों पर भरा पानी









इंदौर। शहर में शुक्रवार-शनिवार को हुई तेज बारिश के बाद कई जगह जलजमाव की स्थिति निर्मित हो गई, जिससे राहगीर व वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ी।

फोटो : नितिन सोलंकी

### बार-बार यातायात नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# इंदौर में 100 चौराहों पर लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में यातायात व्यवस्था को सशक्त, वैज्ञानिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। शनिवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, ई-चालान की प्रभावशीलता और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ आर.पी.अहिरवार, यातायात पुलिस, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में शहर के 39 चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगे हैं। अब इस संख्या को बढ़ाकर 100 किया जाएगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि नए सिग्नलों की स्थापना के लिए जल्द ही टेंडर आमंत्रित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने व बार-बार खराब होने वाले सिग्नलों को हटाकर नए तकनीकी सिग्नल लगाए जाएं। इन सिग्नलों की सतत चलने के लिए सौर ऊर्जा या बैटरी बैकअप जैसी वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी की जाए।

**सिग्नल टाइमिंग अब वैज्ञानिक तरीके से होगी तय**-कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि शहर के प्रत्येक चौराहे पर ट्रैफिक दबाव के आधार पर सिग्नलों की टाइमिंग तय की जाए। यह निर्णय यातायात की सुगमता, दुर्घटनाओं में कमी और वाहन चालकों की सुविधा को ध्यान में रखकर लिया गया है।



#### उल्लंघन पर पंजीयन निरस्त किए जाएंगे

बैठक में बताया गया कि ऐसे 29 वाहन, जिनके खिलाफ 10 से अधिक बार यातायात नियम उल्लंघन के मामले दर्ज हैं, उनके पंजीयन निरस्त किए गए हैं और अब उन्हें जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि आगामी समय में 5 से अधिक उल्लंघन पर भी पंजीयन निरस्त किए जाएंगे।

#### ई-चालान व्यवस्था होगी और सुदृढ़

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ई-चालान वसूली की व्यवस्था को नए सिरे से और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए। इसके तहत अब चालान की राशि अगले प्रमुख चौराहे पर वसूली जाए। प्रारंभ में दो से तीन चौराहों पर यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की जाएगी, जिसे बाद में शहरभर में विस्तारित किया जाएगा।

## बारिश के दौरान निगम की आपदा प्रबंधन टीम आई मैदान में



गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में शनिवार को लगातार हुई बारिश को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त के निर्देशन में आपदा प्रबंधन की टीम शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंची, इस दौरान टीम के सदस्यों ने जल निकासी का कार्य किया।

इसके साथ ही आयुक्त शिवम वर्मा भी शहर में जल निकासी कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। आयुक्त श्री वर्मा द्वारा नगर निगम चौराहा, मधु मिलन चौराहा, जीपीओ चौराहा, आजाद नगर, तीन इमली, पिपलियाहाना, मुसाखेड़ी, वर्ल्ड कप चौराहा, अग्रवाल पब्लिक स्कूल के आगे लोटस के पास, रिंग रोड एवं स्कीम नंबर 140 क्षेत्र का निरीक्षण किया। आयुक्त श्री वर्मा ने वर्तमान में शहर में हो रही बारिश को ध्यान में रखते हुए लगातार निगम की आपदा प्रबंधन की टीम के साथ निगम कंट्रोल रूम से संपर्क रखा और शहर में जल जमाव की स्थिति का तत्काल निराकरण करवाया। इस दौरान आयुक्त श्री वर्मा को स्कीम नंबर 140 की सड़कों में जल जमाव की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर आयुक्त स्वयं स्कीम नंबर 140 क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। मौका स्थल पर देखा तो स्कीम नंबर 140 की सड़कों पर पानी भरा हुआ मिला, इस पर क्षेत्रीय जोनल अधिकारी धीरेंद्र बायस द्वारा जल निकासी का कार्य ठीक से नहीं करने पर आयुक्त द्वारा जोनल अधिकारी को फटकार लगाई गई तथा आयुक्त द्वारा तत्काल निगम की आपदा प्रबंधन ऑरेंज टीम को मौका स्थल पर बुलवाया एवं जल निकासी का कार्य करवाया गया।

**निगम आयुक्त ने भी विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण**

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया सांवेर की ग्राम पंचायतों का निरीक्षण



गुड इवनिंग, इंदौर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सांवेर के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं व संस्थाओं का निरीक्षण किया।

ग्राम पंचायत कदवाली बुजुर्ग स्थित आंगनवाडी केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान बच्चों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी आंगनवाडी कार्यकर्ता से ली गई। इस मौके पर सिद्धार्थ जैन ने आंगनवाडी में बच्चों को दिए जा रहे पोषण व टेक होम राशन कि जानकारी भी प्राप्त की और बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया। ग्राम पंचायत मांगलिया में स्वच्छ भारत मिशन के तहत घरों आदि से निकलने वाले प्लास्टिक व अन्य कचरे के उचित निपटान के लिए जनपद पंचायत सांवेर अंतर्गत आने वाले गांव मांगलिया, डाबली, सुलाखेड़ी, रामपिपल्या, लसूड़िया परमार,कैलोदहाला को क्लस्टर बना कर इनके प्लास्टिक अपशिष्ट का निपटान केंद्रीयकृत व्यवस्था से किए जाने हेतु मांगलिया में एमआरएफ सेंटर का संचालन एवं अन्य अधोसंरचना का निर्माण किया जा रहा है। एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैन द्वारा कचरा संग्रहण व सेग्रिकेशन कार्य का विस्तार से अवलोकन किया।

## शहर की जीडीपी डबल करने को लेकर सांसद का किसानों से संवाद

### ब्लूप्रिंट साझा कर मांगे सुझाव

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर के सांसद ने शनिवार को जिला पंचायत कार्यालय में इंदौर जिले के किसानों, ग्रामीण प्रतिनिधियों और कृषि विशेषज्ञों के साथ बैठक की।

इस बैठक का उद्देश्य था - 2030 तक इंदौर की जीडीपी डबल करने के ब्लूप्रिंट को किसानों के साथ साझा करना और उनके सुझाव लेकर भागीदारी तय करना।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश के सामने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना रखा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास की योजनाएं बनी, तो इंदौर ने भी इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए एक ब्लूप्रिंट बनाया है। सांसद शंकर लालवानी ने 6 महीनों की मेहनत से विशेषज्ञ और नागरिकों के साथ मिलकर जो ब्लूप्रिंट तैयार किया है,



वो सिर्फ आर्थिक आंकड़ों की बात नहीं करता बलकि लोगों की ज़िंदगी को बेहतर बनाने की सोच को दर्शाता है। इंदौर की जीडीपी डबल करने में किसानों और ग्रामीण क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी और इसीलिए ये बड़ी बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर की जीडीपी डबल करनी है, तो उसकी नींव खेतों में है। हमारे गांव, किसान, मंडियां, पशुपालन और कृषि आधारित उद्योग इस विकास के मूल में हैं। बैठक में रखे गए 3 बड़े फोकस पॉइंट्स, जिसमें कैसे किसानों की आय बढ़ाई जाए, कैसे गांवों को तकनीक, कनेक्टिविटी और प्रोसेसिंग से जोड़ा जाए और कैसे कृषि को इंडस्ट्री से जोड़कर रोजगार पैदा किया जाए आदि है। अर्थशास्त्री जयंतीलाल भंडारी ने कहा कि कृषि अब सिर्फ हल चलाने तक सीमित नहीं है। अब जरूरत है तकनीक, प्रोसेसिंग, मार्केट लिंकिंग और एग्री-स्टार्टअप की। अगर गांवों को नवाचार से जोड़ा जाए, तो इंदौर देश का मॉडल बन सकता है। किसानों ने स्पष्ट रूप से बताया कि उन्हें किन-किन बातों की जरूरत है।

## सावन सेवा शिविर में पहुंचे मंत्री कावड़ियों से की विस्तृत चर्चा

गुड इवनिंग, इंदौर

सावन माह की भक्ति और सेवा भावना के संगम स्थल टपाल घाटी में वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन द्वारा संचालित सावन सेवा शिविर में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विशेष रूप से पहुंचे। भारी बारिश के बीच शिविर का दौरा करते हुए उन्होंने वहां विश्राम कर रहे कावड़ यात्रियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और हरसंभव समाधान का भरोसा दिलाया।

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने शिविर में उपस्थित श्रद्धालुओं से बातचीत के दौरान स्वास्थ्य, भोजन, विश्राम और रास्ते की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए रास्ते में और अधिक सेवा शिविर स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ की आरती में भाग लिया और भक्ति भाव से ओतप्रोत माहौल में कावड़ यात्रियों को सम्मानित भी किया।



शिविर में मंत्री के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। उपसरपंच संदीप बीजोरिया, प्रकाश बिजोरिया, खेमराज बल्लू बारोड, गणपतसिंह गौड़, हरीश जोशी आदि ने मंत्री का पुष्पमालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

**भक्ति, सेवा और समर्पण का केंद्र बना है शिविर**-इस शिविर में भवरासा, छोटी बेड़िया, सनावद, खंडवा, जहांगीरपुरा, उज्जैन, मूसाखेड़ी, मोटक्का और ओंकारेश्वर सहित कई स्थानों से आए सैकड़ों कावड़ यात्रियों के जत्थों ने विश्राम और जलपान चिकित्सा की सुविधाओं का लाभ लिया। सभी यात्रियों ने शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां सेवा देखकर सारी थकान उतर गई।

सीएम यादव बोले-खुलेंगे रोजगार और समृद्धि के द्वार, उपमुख्यमंत्री शुक्ल बोले- रीवा की टाइगर सफारी के आगे दुनिया की सफारियां फेल

# रीवा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में आए 3000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

गुड इवनिंग, भोपाल





रीवा में शुरू हुए दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश को पर्यटन क्षेत्र में 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर निवेशकों से बातचीत की और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कई कदमों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कई उद्योगपतियों, फिल्म कलाकारों और नेताओं की मौजूदगी रही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को रीवा में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश के पर्यटन क्षेत्र के लिए 3000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा कर उन्हें प्रदेश में पर्यटन के उज्ज्वल अवसरों से अवगत कराया। कार्यक्रम में अभिनेता मुकेश तिवारी और अभिनेत्री सांविका भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। पर्यटन को इंडस्ट्री के समकक्ष मानते हुए सरकार इस सेक्टर को हर जरूरी सुविधा दे रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव और 21 लाख रोजगार के अवसर मिले थे।

**फ्लाईओला 700 करोड़ निवेश करेगी** -कॉन्क्लेव में फ्लाईओला के मैनेजिंग डायरेक्टर राम ओला ने 700 करोड़ के सबसे बड़े निवेश की मंशा जताई, जो इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पर्यटन परियोजनाओं की शुरूआत का संकेत है। आरसीआरसीपीएल और विंध्य प्राइड के दिव्यांश सिंह बघेल ने 500 करोड़ के निवेश की इच्छा जताई। इसी क्रम में अमित दिग्विजय सिंह ने 500 करोड़ और संदड़िया बिल्डर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर अजीत संदड़िया ने 300 करोड़ के निवेश का इरादा व्यक्त किया।

**ये कंपनियां भी आईं आगे**-इसके अतिरिक्त, जंगल कैंप इंडिया के गजेंद्र सिंह राठौर ने 150 करोड़, गौरव प्रताप सिंह और पुष्पराज सिंह ने 100-100 करोड़, राजस्थान फोर्ट एंड पैलेस के मैनेजिंग डायरेक्टर मानवेंद्र सिंह शेखावत ने हेरिटेज प्रॉपर्टी को विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये, इको पार्क के अनुज और विजय तिवारी ने 80 करोड़, तथास्तु रिसॉर्ट के अनिल अग्रवाल ने 150 करोड़, सिद्धार्थ सिंह तोमर ने 15 करोड़, सिद्धिविनायक कंस्ट्रक्शन के वैभव सिंह कौरव ने 10 करोड़ और कैलाश फुलवानी ने 5 करोड़ के निवेश की इच्छा जताई है। उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर क्षेत्र में काम किया है। पूरा देश उनकी ओर देख रहा है। हम आज डंके की चोट पर कहते हैं कि हमारे पास वाइट टाइगर है। रीवा की टाइगर सफारी के आगे दुनिया की सफारियां फैल हैं। हमारे वॉटरफॉल के आगे नियाग्रा वॉटरफॉल कुछ भी नहीं है। बाण सागर का रिजर्ववॉयर मालदीप के टापू से कहीं खूबसूरत है। आज रीवा में शॉपिंग मॉल बन रहे हैं, बड़े-बड़े ब्रांड्स यहां आने को तत्पर हैं। आने वाले दिनों में रीवा स्वर्णिम नगरी होगी। यह क्षेत्र निवेश के लिए सबसे बेहतर स्थान है।

**निवेशकों का बढ़ रहा विश्वास**-बता दें, कॉन्क्लेव के दौरान पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 6 जमीनों के लिए लैटर ऑफ अलॉटमेंट (छडअ) जारी किए गए। विंध्य क्षेत्र में इससे सीधे तौर पर 12 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के सैकड़ों अवसर पैदा होंगे। इन जमीनों पर होटल, रिसॉर्ट और इको टूरिज्म यूनिट आदि का निर्माण किया जाएगा। इन आवंटनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कॉन्क्लेव में कई महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में कला, शिल्प और महिला सशक्तिकरण के लिए ग्राम सुधार समिति, एमएम फाउंडेशन और समर्थ संस्था के साथ करार शामिल हैं। इसके अलावा डिजिटल मार्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए बारकोड एंटरटेनमेंट और क्विकी डिजिटल के साथ भी एमओयू साइन किए गए।

### बढ़ रही है पर्यटन अधोसंरचना

सरकार पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है। अमरकंटक में प्रसाद योजना के तहत 50 करोड़, चित्रकूट में परिक्रमा पथ और घाटों के विकास पर लगभग 64 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शारदा देवी मंदिर क्षेत्र को विकसित करने की योजना भी तैयार की गई है।

### डिजिटल बुकिंग और हवाई सेवा की सुविधा

पर्यटन को सुलभ बनाने के लिए होम स्टे ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिससे ग्रामीण उद्यमियों को सीधे ऑनलाइन बुकिंग का लाभ मिलेगा। वहीं, पीएम श्री वायु सेवा की बुकिंग अब आईआरसीटीसी पोर्टल पर भी उपलब्ध होगी, जिससे रीवा, सतना, सिंगरौली जैसे शहरों की कनेक्टिविटी और बढ़ेगी।

### फिल्म और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा

प्रदेश की फिल्म टूरिज्म पॉलिसी 2025 को निवेश फ्रेंडली बनाया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए अनुमतियां दी जाती हैं। अब तक एमपी में 450 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। वहीं ग्रामीण पर्यटन नीति के तहत होम स्टे मॉडल ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देने में सफल हो रहा है।

## यात्रा के दौरान परिजनों से बिछड़ी 14 वर्षीय बालिका को RPF ने दी नई मुस्कान

गुड इवनिंग, भोपाल



पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल ने सतर्कता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक नाबालिग बालिका को उसके परिजनों से मिलाने की दिशा में सफल प्रयास किया। यह मानवीय पहल यात्रियों की सुरक्षा एवं सहयोग हेतु रेलवे द्वारा किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है।

गाड़ी संख्या 12592 के इटारसी स्टेशन आगमन पर एक बालिका के परिजनों से बिछड़ जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक श्री राजेश सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गाड़ी से बालिका को उतारकर पूछताछ की। बालिका ने अपना नाम अमरीन फिरोज शेख, उम्र 14 वर्ष, निवासी वर्धा (महाराष्ट्र) बताया एवं बताया कि वह यात्रा के दौरान अपने परिजनों से बिछड़ गई है।

बालिका को महिला सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति में इटारसी के शासकीय चिकित्सालय ले जाकर आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। तत्पश्चात पूरे मामले की जानकारी बाल कल्याण समिति को दी गई। उनके निर्देश पर बालिका को मुस्कान संरक्षण गृह, इटारसी में सुपुर्द किया गया।

इस बीच बालिका के परिजनों को सूचना देकर उनसे संपर्क स्थापित किया गया, जिससे उन्हें त्वरित राहत प्रदान की जा सके।

रेल सुरक्षा बल की इस सजग एवं मानवीय पहल की सभी ओर सराहना की जा रही है। पश्चिम मध्य रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सहयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

## विधानसभा में नारेबाजी पर पूरी तरह रोक के आदेश से चढ़ा सियासी पारा

### कांग्रेस बोली- लोकतंत्र की आवाज दबाने की कोशिश

गुड इवनिंग, भोपाल



मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष ने परिसर में प्रदर्शन और नारेबाजी पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश जारी किया है, जिसे लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। यह आदेश 28 जुलाई से शुरू हो रहे सत्र के मद्देनजर जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि विधानसभा परिसर में कोई भी विधायक नारेबाजी, प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली गतिविधि नहीं कर सकेगा। अध्यक्ष ने यह निर्णय सत्र की कार्यवाही को शांतिपूर्वक और अनुशासित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से लिया है। यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 94(2) के तहत लागू किया गया है।

इस फैसले पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे जनहित के मुद्दों को दबाने की कोशिश बताया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया और कहा कि यह सरकार के दबाव में लिया गया फैसला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब विपक्ष विधानसभा की कार्यवाही को लाइव दिखाने की मांग कर रहा है, तब सरकार और अध्यक्ष दोनों उसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। यह फैसला विधायकों के विशेषाधिकारों और संविधान की धारा 194 का उल्लंघन है। सिंघार ने कहा कि प्रदर्शन और सवाल पूछना लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन सरकार इन तरीकों को नियंत्रित कर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस निर्णय का खुले तौर पर विरोध करेगी और सत्र के दौरान जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी।

**विधायक रामेश्वर शर्मा का पलटवार**-इस मुद्दे पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि विधानसभा कोई धरना प्रदर्शन या मल्ल युद्ध का अखाड़ा नहीं है। अगर किसी को मल्ल युद्ध करना है, तो रोशनपुरा या दशहरा मैदान जाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जनता के करोड़ों रुपए सार्थक चर्चा के लिए खर्च होते हैं, हंगामे के लिए नहीं। बाबा साहेब के संविधान के अनुसार चर्चा करें, हम उसका स्वागत करते हैं।

## पार्षद बोले- मेरे परिवार और मेरी जान को खतरा

गुड इवनिंग, भोपाल

राजधानी भोपाल के नगर निगम वार्ड-48 से बीजेपी पार्षद अरविंद कुमार वर्मा ने चूनाभट्टी थाने में आवेदन दिया है। जिसमें राहुल मीणा नामक शख्स द्वारा अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने की बात कही गई है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। पार्षद का कहना है कि अवैध गुमटियों का मुद्दा उठाने पर यह धमकी दी गई है।

**भोपाल के भाजपा पार्षद ने अवैध गुमटियों का मुद्दा उठा तो मिली हत्या की धमकी**

पार्षद अरविंदर कुमार वर्मा ने आवेदन में लिखा कि अहिल्याबाई चौराहे पर होर्डिंग को लेकर राहुल ने मोबाइल पर कॉल करके धमकी दी। सितंबर-24 में भी राहुल और उसके परिवार ने मुझ पर हमला किया था। उसका परिवार 1100 क्वार्टर के सरकारी मकान में कब्जा कर रहा है। धमकी के बाद मेरे परिवार और मेरी जान को खतरा है। घर से निकलने में भी डर लगता है।

पार्षद वर्मा ने 24 जुलाई को हुई नगर निगम परिषद की बैठक में शाहपुरा लेक पर कैम्पियन स्कूल के सामने से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इस मुद्दे पर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने भी आसंदी से कमिश्नर हरेंद्र नारायण को कार्रवाई के आदेश दिए थे। पार्षद वर्मा ने बताया कि यह मांग उठाने के बाद ही धमकी दी गई है। जिसकी शिकायत की है, उसने अवैध रूप से गुमटियां रखी हुई हैं। दो साल पहले भी उस पर कार्रवाई की गई थी।

### भोपाल मेट्रो को आरडीएसओ की रिपोर्ट का इंतजार

## 15 तक तय होगा मेट्रो के कमर्शियल संचालन का समय

गुड इवनिंग, भोपाल

*राजधानी भोपाल में मेट्रो रेल सेवा अब कमर्शियल संचालन के एक कदम और करीब पहुंच गई है। 9 जुलाई से 21 जुलाई तक मेट्रो का अंतिम तकनीकी परीक्षण पूरा हो चुका है और अब निगाहें रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो 15 अगस्त तक आने की उम्मीद है। इसी रिपोर्ट के आधार पर यह तय होगा कि मेट्रो का अगला परीक्षण मेट्रो रेलवे सेफ्टी कमिश्नर के निरीक्षण के लिए हरी झंडी मिलेगी या नहीं। सीएमआरएस के निरीक्षण के बाद भोपाल में एम्स से सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के बीच अक्टूबर तक मेट्रो का कमर्शियल संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।*



**90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हुआ परीक्षण**-फ्लड की टीम ने मेट्रो को विभिन्न तकनीकी मानकों पर जांचा, जिनमें 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल, मोड़ वाले ट्रैक पर संतुलन परीक्षण, आपातकालीन ब्रेकिंग दूरी और गाड़ी की स्थिरता व गुणवत्ता जैसे बिंदु शामिल थे। हर कोच में लगभग 300 यात्रियों के वजन के बराबर बोरे रखकर वास्तविक भार की स्थिति के साथ परीक्षण किया गया।

**तीन डिब्बों वाली ट्रेन में 900 यात्रियों की क्षमता**-भोपाल मेट्रो की प्रत्येक ट्रेन में तीन कोच होंगे और यह लगभग 900 यात्रियों (50 बैठने व 250 खड़े होने की क्षमता प्रति कोच) को ले जाने में सक्षम होगी। परीक्षण के दौरान मेट्रो को सुभाष नगर डिपो से एम्स तक के एलिवेटेड रूट पर चलाया गया।

**अक्टूबर में हो सकती है शुरूआत**-अगर आरडीएसओ की रिपोर्ट मानकों पर खरी उतरती है तो मेट्रो को सीएमआरएस निरीक्षण के लिए अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद मेट्रो का कमर्शियल संचालन का रास्ता साफ होगा। अधिकारियों ने अक्टूबर तक मेट्रो सेवा की शुरूआत का लक्ष्य रखा है। पहले चरण में मेट्रो सेवा सुबाष नगर से एम्स के बीच आठ एलिवेटेड स्टेशनों पर संचालित होगी।

खण्डवा पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ की कार्रवाई

# 3 आरोपियों से अवैध पिस्टल सहित पिस्टल बनाने के सामान किए जब्त





गुड इवनिंग, खंडवा

*खंडवा पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करेत हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन अवैध पिस्टल सहित भारी मात्रा में पिस्टल बनाने का सामान जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में पिस्टलों के पाट्र्स बनाने वाला लेथ मशीन का कारीगर भी शामिल है।*



पुलिस को मुखबिर से मिली थी कि एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन पुनासा तरफ से आ रही है, जिसमें एक लडका पगडी बाँधे जिसके साथ दो लडके और है जो खण्डवा आ रहे है, जिनके पास कई पिस्टलें तथा पिस्टल बनाने का सामान है। सूचना पर पुलिस महानिरीक्षक इंदौर रेंज इंदौर (ग्रामीण), पुलिस उपमहानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन व पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारनेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खण्डवा राजेश रघुवंशी एवं सीएसपी खण्डवा अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पदमनगर निरीक्षक प्रवीण आर्य के नेतृत्व मे एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा इन्दौर रोड दादाजी कालेज के पास चेकिंग के दौरान पंचान के समक्ष मुखबिर के बताये अनुसार उक्त कार के आने का इंतजार किया गया, तभी खण्डवा तरफ से एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन आता दिखाई दिया जिसे फोर्स व गवाहान की मदद से रोका गया, गाडी चलाने वाले व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम जितेंद्र जोशी पिता दिलीप जोशी उम्र 28 वर्ष निवासी बागदा थाना खातेगांव जिला देवास का बताया जिसकी तलाशी लेते एक लोहे की देशी पिस्टल बरामद की गई। इसी प्रकार पिछली सीट पर बैठे अन्य दो युवको मे से पगडी बांधे एक युवक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विक्रम पिता मानसिंह भाटिया उम्र 27 वर्ष निवासी जैन मंदिर गेट के पास नेमावर जिला देवास का बताया, जिसकी तलाशी लेते उसके पास से भीं एक लोहे की देशी पिस्टल तथा नगदी 8900 रुपए मिले।

गाडी में बैठे तीसरे युवक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम रवि पिता सालकराम मण्डरई उम्र 21 वर्ष निवासी वागदा थाना खातेगांव जिला देवास का होना बताया जिसकी तलाशी लेते उसके पास से भी एक देशी पिस्टल मिली। उक्त तीनो आरोपियो की बिना नम्बर की बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर पीछे की तरफ 04 बोरियों मे पिस्टल बनाने का सामान जिसमें भारी मात्रा में बैरल व चौकोर शटर मिले जिसका उपयोग पिस्टल निर्माण में किया जाता है, लोहे की बैरल 350 नग तथा लोहे के शटर नली 297 नग इस प्रकार कुल 647 नग पिस्टल बनाने का सामान सहित उक्त बोलेरो वाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

आरोपियों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उक्त पिस्टल बनाने का सामान नारायण तिवारी निवासी खातेगाँव जिला देवास से तैयार कराकर मुड्डासिंह निवासी ग्राम सिग्गुर थाना गोगावा जिला खरगोन को नई पिस्टलें तैयार करने हेतु देने के लिए जा रहे थे। उक्त सूचना के आधार पर पिस्टल बनाने वाले लेथ मशीन आपरेटर नारायण तिवारी को खातेगाँव जिला देवास से गिरफ्तार किया गया है।

### ये थे टीम में शामिल

कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी प्रवीण आर्य उनि हर्ष सोनगरे, सउनि केमरसिह रावत प्र.आर. 193 जितेन्द्र स्वाण्डेकर. प्र.आर. 370 अन्नत अवधाने, आर. 203 नितिन, आर. 322 आनंद, आर. 826 अजय, आर 164 रितेश, आर 375 पंकज एवं आर 801 राहुल की प्रमुख भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा टीम को नगद इनाम से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई।

# सड़क की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने दिया धरना, आश्वासन के बाद माने

**पंचायत ने 100 ट्राली से अधिक डलवाई मुरम, रेत से भरे ट्रैक्टर निकलने से मच गया कीचड़**

गुड इवनिंग, खातेगांव

खातेगांव जनपद की ग्राम पंचायत इकलेरा के विद्यार्थी कीचड़ युक्त सड़क से परेशान होकर धरने पर बैठे। विद्यार्थियों ने विद्यार्थी संगठन जिंदाबाद, हमारी मांगे पूरी करो, हम सब एक हैं के नारे लगाए।

छात्र- छात्राओं ने कहा कि सरपंच प्रतिनिधि ओम कुड़िया जब भी यहां झंडावंदन करने आते हैं तो कहते हैं कि इस साल सड़क बन जाएगी, लेकिन हम कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर हैं। सड़क आज तक नहीं बन पाई है। मेडम कहती हैं कि ड्रेस पहनकर स्कूल आया करो, रास्ते में इतना कीचड़ हैं कि जूते और ड्रेस दोनों गंदे हो जाते हे, इधर घरवाले ड्रेस गंदी होने पर डांटते हे। हम स्कूल और घरवालों के ताने सुन सुनकर थक गए हैं। जब तक सड़क नहीं बनती हम स्कूल नहीं जाएंगे।

इधर ओम कुड़िया जो सरपंच प्रतिनिधि की हैसियत से इकलेरा पंचायत का कार्य देख रहे हैं। उनका कहना है मैने 4 दिन पहले 140 ट्राली मुरम डलवाई है चुकी इस मार्ग से रेत के ट्रैक्टर निकलने के कारण गड्ढे हो गए और कीचडं मच गया है। वहीं विधायक आशीष शर्मा ने इकलेरा से बमनगांव 2.10 किमी सड़क निर्माण के लिए जनवरी 2025 में एक पत्र कार्यपालन यंत्री को लिखा था लेकिन विभाग की ओर से आज तक 06 माह बीत जाने के बाद भी स्वीकृति नहीं मिली। इधर पंचायत की ओर से पहुंचे प्रतिनिधि ने धरना दे रहे छात्र छात्राओं से चर्चा की उसके बाद सोमवार तक बजरी डलवाने का आश्वासन दिया गया उसके बाद धरना समाप्त कर दिया।

# वन्यजीव संरक्षण विषय पर सेमिनार



गुड इवनिंग, खातेगांव

खिवनी वन्यजीव अभयारण्य द्वारा तहसील सतवास स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतवास और श्री दादा जी विद्यालय सतवास में बाघ संरक्षण और अभ्यारण्य द्वारा वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों के विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें लगभग 450 बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जागरूक कर संरक्षण के प्रयासों से जोड़ना है ताकि वनों एवं अभयारण्य के भविष्य को संवारा जा सके और आने वाली पीढ़ी को इसके महत्व को समझाते हुए संरक्षण कार्यक्रमों में भागीदार बनाया जा सके। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी खिवनी अभ्यारण्य भीमसिंह सिसौदिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी सतवास विधि सिरोलिया, भवरसिंह इवने, सुभाष कोलते, धर्मेंद्र व्यास, कृष्णकांत वर्मा, प्रेम भिलाला, शशिकांत जाटव, राजकुमार मालवीय सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# लायंस क्लब देवास गोल्ड का शपथ विधि समारोह संपन्न

गुड इवनिंग, देवास

लायंस क्लब देवास गोल्ड का 2025-26 के नवीन पदाधिकारी शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ ला. अजय सिंह सेंगर द्वारा शपथ दिलाई गई। विशेष अतिथि लायन रेखा वर्मा, डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी लायन संजय डिंगडांग, पूर्व डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लायन प्रदीप काबरा, रीजन चेयरपर्सन लायन कुन्दन सोनी, झोन चेयरपर्सन लायन सुनीता शर्मा थे।श्री सेंगर ने नारी शक्ति के भागीदारी और सेवा कार्यों के प्रति समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा है कि हमें तो समाज के हर स्तर के वंचितो से चाहे वह स्वास्थ्य की दृष्टि से शिक्षा की दृष्टि से समाजस्तर संस्कार से जुड़े हो को पहचान कर उन तक सुविधा पहुंचाएं सेवा गतिविधियां भी नितांत आवश्यकता वाले व्यक्तियों की करें ताकि वह समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। अध्यक्ष लायन हिना राठौर, सचिव लायन तरुणा जाट ,कोषाध्यक्ष लायन नेहा छाबड़िया एव उनकी टीम ने शपथ ग्रहण की ।साथ ही 5 नए सदस्यों ला.रितु सिंह ला.आराधना ला.ज्योति सिंग ला. सपना सिंग ला.तान्या पंजवानी को भी शपथ दिलाई गई। क्लब के संरक्षण में लायन सोफिया कुरेशी ला.लक्ष्मी राव ला. सुषमा अरोड़ा का विशेष सहयोग रहा। क्लब की दो विशेष गतिविधियों में सचिव तरुणा जाट द्वारा दो कुपोषित बच्चों को गोद लेने और उन्हें पोषण आहार देने की जिम्मेदारी ली। बावड़िया स्थित आंगनवाडी पर बच्चों को चटाई फर्नीचर खिलौने भेंट किये गये । कार्यक्रम का संचालन ला.संगीता गोयल ला. डॉ मोनिका राणा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रथम उपाध्यक्ष ला.कल्पना सिंह, ला. राजश्री सोनी, ला. शकुंतला बलवानी, ला.प्रीती जोशी, ला. समीरा नईम, ला.भूमिका शर्मा, ला.अनीता राजपूत, अनामिका अग्निहोत्री, ला.आशा पटेल, ला पूजा अरोड़ा, ला.प्रतिभा प्रसाद, ला.अभिलाषा शर्मा, रीना चौधरी, ला. अनीता भाटिया उपस्थित थे।

# कोरोना काल में लगाए पौधे बने वृक्ष

गुड इवनिंग, खातेगांव

नगर के वार्ड 9 निवासी प्रदीप लोदवाल व ज्योति लोदवाल ने अपने साथी मित्रों के साथ सन्नोद रोड स्तिथ डोंगरी में कई छायादार पौधे रोपे जो अब वृक्ष बन गए हैं। दंपति उन पौधों की परवरिश भी कर रहे हैं।

प्रदीप लोदवाल ने बताया कि बर्ष 2020 में कोरोना काल में जिस तरह कोरोना पीड़ित मरीजों के परिजनों को कई प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ा था। जिसमे से एक स्यवं में भी था। उसी समय कोरोना बीमारी आए स्वस्थ होने के बाद हम दोनों पति पत्नी व साथी मित्रो के सहयोग से सन्नोद रोड़ पर डोंगरी में 10 से अधिक पीपल, बरगद व नीम के सेकड़ो पौधों का रोपण किया था । जिनकी हमारी टीम के द्वारा समय समय पर देखरेख की जाती है, साथ ही गर्मी के मौसम पेड़ो को जीवित रखने के लिए हमारे द्वारा घरों से ड्रमों के माध्यम से पानी ले जाकर जीवित रखा जाता है। आज हरियाली अमावस्या पर हमारी द्वारा लगाए पीपल, बरगद के अधिकांश पेडो को 5 बर्ष पूर्ण होने पर पीपल के पेड़ पांचवा जन्म दिवस मनाया।



# मंदसौर में 74 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

**मंदसौर।** कांग्रेस विधायक विपिन जैन के अथक प्रयासों से सिंहस्थ 2028 के लिए मंदसौर क्षेत्र में 74 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। बीजेपी सरकार में कांग्रेस विधायक होने के बावजूद विपिन जैन निरंतर सक्रियता से जनता के मुद्दे उठा रहे हैं और काम भी करवा रहे हैं।

इस राशि में शिवना नदी के घाट निर्माण, सौंदर्यकरण, रिटनिंग वॉल और लाइटिंग के लिए 12.32 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। विधायक जैन द्वारा शिवना शुद्धिकरण के लिए चलाए गए अभियान और जनता की भागीदारी से यह सपना साकार हो रहा है। इसके साथ ही अंबेडकर चौराहे से पशुपतिनाथ मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 7 करोड़, नालछा माता हाईवे तक फोरलेन निर्माण के लिए 32 करोड़ और काश्तकार होटल के पास पुलिया निर्माण हेतु 23 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। विपिन जैन ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह मंदसौर के विकास और धार्मिक पहचान को नई ऊंचाई देगा।

नशा मुक्ति अभियान : नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने किया आयोजन

# परिवार और समाज को नशे से मुक्त रखने की ली शपथ





गुड इवनिंग, खंडवा

प्रदेश पुलिस प्रशासन नशा मुक्ति अभियान चला रहा है। इसके अंतर्गत गौरीकुंज सभागार में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम खंडवा एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक रूप से यह प्रण लिया कि वे स्वयं, अपने परिवार और समाज को नशे से मुक्त रखने का सतत प्रयास करेंगे।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले में नशे की लत के विरुद्ध सामाजिक चेतना जागृत करना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, पुलिस अधीक्षक मनोज राय, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर, सेवादास पटेल, निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य सोमनाथ काले, विक्की भांवरे, राजेश यादव, दिना पवार, राजेश तिवारी,सुनील जैन आयुक्त प्रियंका राजावत, उपायुक्त एस. आर. सिटोले सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पाषर्दगण पुलिस अधिकारी, निगम अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थी, चिकित्सक, एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन संदीप जोशी द्वारा किया गया। आयुक्त प्रियंका राजावत, उपायुक्त एस. आर. सिटोले, कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय, वर्षा घिडोड़े एवं सहायक आयुक्त सुप्रिया मेड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया।

एएसपी महेन्द्र तारनेकर ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया एवं अब तक चलाए गए अभियान की रूपरेखा, प्रमुख उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. संजय इंगले एवं डॉ. प्रेरणा अग्रवाल ने नशा छोड़ने की प्रक्रिया को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाया। डॉ. इंगले ने बताया कि अगर व्यक्ति नशा छोड़ने का दृढ़ निश्चय कर ले, तो हम उन्हें ऐसी दवाइयां उपलब्ध करवा सकते हैं जो उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से नशे से दूर रखने में मदद करेंगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में एक विशेष हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे ।कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयुक्त प्रियंका राजावत द्वारा सभी उपस्थितजनों को नशा मुक्त समाज की दिशा में कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

# बैडमिंटन लोकप्रिय व मेहनतकश खेल: सेंधव

**देवास।** बैडमिंटन वर्तमान में बहुत अधिक लोकप्रिय खेल बनता जा रहा साथ ही यह काफी मेहनतकश खेल है। उक्त बाते भारतीय जानता पार्टी के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में कहीं। भाजपा महामंत्री मनीष सोलंकी, डॉ एम एस सोनगरा,आर आई रेवन्यू हर्षल बहरानी,मंजर खघन,जावेद पठान मंचासीन रहे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग व अच्युत मालाकार एंड एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के करीब 100 से अधिक खिलाडिघ्यो ने बढ़चढ़ के भाग लिया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत प्रतियोगिता आयोजक अच्युत मालाकार, प्रतियोगिता सचिव रोहित गुप्ता,डॉ संतोष दाभाड़े, वेदप्रकाश ठाकुर, डॉ अमित चौबे, निहार शर्मा आदि ने किया। तत्पश्चयात आयोजक द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेट किए गए।

# डॉ. सुनयना खन्ना एव डॉ. संजीव खन्ना



डॉ. सुनयना खन्ना और डॉ. संजीव खन्ना, दोनों ही "संपूर्ण सटीक भविष्यवक्ता" के रूप में जाने जाते हैं और ज्योतिष विज्ञान में अद्वितीय विशेषज्ञता रखते हैं। उनकी "वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड" से सम्मानित पुस्तक "प्रेडिक्टोलॉजी" एक व्यापक मार्गदर्शिका है, जो हस्तरेखा विज्ञान, पश्चिमी और वैदिक ज्योतिष, पश्चिमी और वैदिक अंकशास्त्र, ओशो जेन और राइडर-वेइट टैरो, वास्तु, और लाल किताब के उपायों को एक ही ग्रंथ में समाहित करती है। दोनों ने मिलकर इन नौ रहस्यमय विद्याओं को आधुनिक और प्राचीन दृष्टिकोण के साथ जोड़ा है और अपने ज्ञान से अनगिनत व्यक्तियों को उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद की है।


## साप्ताहिक विस्तृत अंकज्योतिषीय भविष्यफल (Numerological Weekly Forecast)

**तारीखः 27 जुलाई 2025 से 2 अगस्त 2025**

**मूलांक 1 से 9 तक, चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रितः स्वास्थ्य, वित्त, संबंध और करियर।**

**सप्ताह की कुल अंक ऊर्जाः 2 + 7 + 0 + 7+2+0+2+5=25+2 + 5 = 7**

**मुख्य ऊर्जाः मूलांक 7 (केतु प्रभाव) - रहस्य, आध्यात्मिकता, विश्लेषण, आत्मनिरीक्षण, अंतर्ज्ञान, और मौन की ऊर्जा।**



### मूलांक 1 (नंबर 1 - सूर्य)

**स्वास्थ्यः** माइग्रेन, आंखों की थकावट या नींद की गड़बड़ी हो सकती है। जल तत्व और ध्यान लाभकारी रहेंगे।

**वित्तः** निवेश से जुड़े फैसलों में धैर्य रखें। अचानक लाभ की अपेक्षा से बचें।

**संबंधः** पार्टनर के साथ खुलकर बात करना जरूरी है। दूरी की भावना बढ़ सकती है।

**करियरः** कुछ प्रोजेक्ट्स में देरी या अस्पष्टता रह सकती है। निष्कर्ष निकालने में सावधानी रखें।

### मूलांक 2 (नंबर 2 - चंद्रमा)

**स्वास्थ्यः** भावनात्मक असंतुलन या जल तत्व की गड़बड़ी संभव है। मेडिटेशन और शांतिपूर्ण संगीत सहायक रहेगा।

**वित्तः** खर्चों में नियंत्रण रखें। धन की स्थिति स्थिर परंतु धीमी रहेगी।

**संबंधः** पुराने संबंध फिर से सक्रिय हो सकते हैं। भावनात्मक गहराई की आवश्यकता महसूस होगी।

**करियरः** रचनात्मक कार्यों और सहयोगी प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलेगी। महिलाओं से समर्थन मिल सकता है।

### मूलांक 3 (नंबर 3 - बृहस्पति)

**स्वास्थ्यः** जठर या पेट से जुड़ी समस्या पर ध्यान दें। भोजन संतुलित और समय पर करें।

**वित्तः** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। शिक्षण या परामर्श से आय संभव है।

**संबंधः** पारिवारिक रिश्तों में तालमेल अच्छा रहेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन मिलेगा।

**करियरः** प्रशासन, शिक्षा, नीति-निर्माण में कार्यरत लोगों के लिए यह सप्ताह अनुकूल है।

### मूलांक 4 (नंबर 4 - राहु)

**स्वास्थ्यः** तकनीकी उपकरणों से अधिक निकटता के कारण तनाव या सिरदर्द हो सकता है। नींद सुधारें।

**वित्तः** निवेश के नए अवसर आएंगे, लेकिन धोखाधड़ी से सतर्क रहें।

**संबंधः** भ्रम या गलतफहमी से रिश्तों में खटास आ सकती है। संवाद में पारदर्शिता जरूरी।

**करियरः** डिजिटल, आईटी या विश्लेषणात्मक क्षेत्रों में नई परियोजनाएं मिलेंगी। योजनाएं बनाएं।

### मूलांक 5 (नंबर 5 - बुध)

**स्वास्थ्यः** यात्रा के कारण थकान संभव है। पाचन तंत्र पर ध्यान दें।

**वित्तः** लेन-देन में लचीलापन रखें। व्यापार में नई साझेदारियों के संकेत हैं।

**संबंधः** मित्रों या सहयोगियों के साथ नए समीकरण बन सकते हैं। रोमांटिक प्रस्ताव आ सकते हैं।

**करियरः** मीडिया, मार्केटिंग, एजुकेशन व सेल्स के लोगों के लिए नई उपलब्धियां संभव।


### मूलांक 6 (नंबर 6 - शुक्र)


**स्वास्थ्यः** त्वचा, आंखों या हॉर्मोनल असंतुलन से परेशान हो सकते हैं। प्राकृतिक उपचार लाभकारी रहेंगे।

**वित्तः** विलासिता पर खर्च बढ़ सकता है। घर या गाड़ी से संबंधित व्यय संभावित ।

**संबंधः** प्रेम संबंधों में स्थिरता व रोमांस रहेगा। कला-संस्कृति से जुड़े साथी के लिए शुभ।

**करियरः** क्रिएटिव इंडस्ट्री, फैशन, डिजाइन और इवेंट से जुड़े लोगों के लिए प्रगति का समय।





### मूलांक 7 (नंबर 7 - केतु)

**स्वास्थ्यः** मानसिक एकाग्रता, ध्यान और मौन से लाभ मिलेगा। थकावट या नींद की समस्या उभर सकती है।

**वित्तः** अचानक लाभ मिल सकता है लेकिन दीर्घकालिक सोच ही फलदायक होगी।

**संबंधः** मौन और अंतर्मुखता रिश्तों में दूरी ला सकती है। संवाद के लिए समय निकालें।

**करियर** : शोध, अध्यात्म, टेक्निकल, एनालिटिक्स या लेखन के क्षेत्र में विशेष उन्नति ।

### मूलांक 8 (नंबर 8 - शनि)

**स्वास्थ्यः** पुराने रोग दोबारा सिर उठा सकते हैं। रूटीन और अनुशासन का पालन करें।

**वित्तः** धीमी लेकिन स्थिर प्रगति होगी। कोई लंबा अटका हुआ भुगतान मिल सकता है।

**संबंधः** पुरानी गलतफहमियों को दूर करने का मौका मिलेगा। धैर्य और गंभीरता लाभ देगी।

**करियरः** अथक परिश्रम का फल मिलने लगेगा। वरिष्ठों से सहयोग प्राप्त होगा।

### मूलांक 9 (नंबर 9 - मंगल)

**स्वास्थ्यः** अत्यधिक ऊर्जा और गुस्से से सिरदर्द या ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। संयम रखें।

**वित्तः** पुराने ऋण से राहत मिलने के संकेत। साहसी निर्णय लाभ देंगे।

**संबंधः** परिवार में वर्चस्व की भावना से विवाद हो सकता है। प्रेमपूर्ण व्यवहार आवश्यक है।

**करियर** : प्रशासन, पुलिस, खेल, फौज जैसे क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए सप्ताह निर्णायक रहेगा।

**निष्कर्ष** - अंक 7 की ऊर्जा आध्यात्मिकता, अवलोकन, आत्मचिंतन और गहराई का प्रतीक है। यह सप्ताह निर्णय लेने से अधिक सोचने, परखने और तैयारी करने का है। मौन, ध्यान, विचार और अंतर्मन की शक्ति को प्राथमिकता दें।


यह भविष्यवाणी सामान्य है, व्यक्तिगत प्रभाव कुंडली और अन्य कारकों पर निर्भर करता है। अधिक सटीक जानकारी के लिए अपनी कुंडली के अनुसार ज्योतिषीय सलाह। संपर्क करें - 9899833661, 9406812962

support@predictolologist.com www.predictologist.com


## अंचल

### श्री कृष्ण कामधेनु गोशाला को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

# यहां गाय मां है, आस्था और भक्ति है...

**गोशाला में गौसेवा से ग्रामीण करते हैं दिन की शुरुआत**

**सलमान शेख, झाबुआ**

गौसेवा अगर व्रत है, तो इस व्रत का पालन आदिवासी अंचल झाबुआ जिले के पेटलावद के ग्राम बनी के सुप्रसिद्ध हरिहर आश्रम में स्थित श्री कृष्ण कामधेनु गोशाला पूरी आस्था के साथ कर रही हैं। इस गोशाला की विशेषता यह है कि यहां बूढ़ी हो चाहे बीमार हर प्रकार की गायो की सेवा हो रही है। यही वजह है कि पेटलावद क्षेत्र के नाम एक और उपलब्धि मिली है। बनी की इस गौशाला को श्रेष्ठता मानक आईएसओ 9001:2015 का प्रमाणपत्र जारी किया गया है। गौशाला को यह प्रमाण पत्र पशुओं की देखभाल, पोषण, स्वच्छता और समग्र प्रबंधन में उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए प्रदान किया गया है।

अंचल के निष्ठावान गौ भक्तों के अथक परिश्रम , गौशाला में गौ वंश के स्वच्छ रख रखाव , गिर गौ नस्ल के संवर्धन के प्रति किए जा रहे प्रयासों को नईदिल्ली से जारी आईएसओ मानक प्रमाण पत्र ने एक नए उत्साह का संचार किया है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप होने पर ये सर्टिफिकेट अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) जारी करता है। समिति ने गौशाला को विकसित करते हुए उसके पूरे प्रबंधन की स्थाई रणनीति बनाई, जिससे गौशाला अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप चलती रहे। गौशाला में गोवंशों उनकी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करते हुए गर्मी और लू से बचाव के लिए उपाय किये गए। बीमार गोवंशों को रखने के लिए अलग से व्यवस्था है।

**5 गायों से हुई थी शुरुआतः** – महज 5 गाय का प्रवेश करवाकर



इस गोशाला की शुरूआत की गई और 1 वर्ष के अंदर यहां 65 से 70 गायें हो गई। कम समय में सामाजिक सहयोग से संचालित यह गोशाला गोवंश संरक्षण-संवर्धन की नई मिसाल पेश कर रही हैं। गाय में देवी-देवताओं का वास होने के धार्मिक सिद्धांत पर आस्था रखने वाले गोभक्त इनकी सेवा के लिए दान करते आ रहे हैं। आचार्य श्री के मार्गदर्शन में बगैर सरकारी सहायता लिए बनी गौशाला अंचल में आदर्श गौशाला के रूप में देसी गौवंश की सेवा कर रही है।

**ऐसे हुई गोशाला की शुरूआत--** दरअसल, ग्राम बनी से दो किमी दूर बनी के समाजसेवी जगन्नाथ नंदराम पाटीदार द्वारा 6 बीघा दान की हुई जमीन पर गोशाला और आश्रम का निर्माण किया गया था। इसका भूमिपूजन 10 वर्ष पहले आश्रम के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार शास्त्री धारियाखेड़ी जिला मंदसौर ने नींव रखकर किया था। इस कार्य का बीड़ा उठाने वाले गौमाता के भक्तों द्वारा स्वयं के सहयोग से श्रीकृष्ण कामधेनु गोशाला व हरिहर आश्रम का निर्माण किया गया था। यहां उस समय 5 गायों का प्रवेश करवाकर गोशाला आरंभ की गई थी और अब वर्तमान में यहां 110 से ज्यादा गायों की सेवा की जा रही हैं। साथ ही विक्रम आयशर के संचालक हरिओम पाटीदार ने आचार्य श्री के संकल्प को पूरा करते हुए गौशाला का भव्य निर्माण करवाकर समर्पित किया। संस्थान से 20 से अधिक आजीवन सदस्य जुड़ चुके है।बनी गौशाला को आईएसओ सर्टिफि केट मिलने बगदीराम पाटीदार, धर्मराज पाटीदार, हेमेन्द्रसिंह राठौर, रमेशचंद्र भटेवरा रायपुरिया, कमलेश पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार, डॉ राधेश्याम पाटीदार सहित सम्पूर्ण अंचलवासी और आसपास के क्षेत्रों के सभी भक्तगणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

**आस्था ऐसी कि 50 किमी दूर से भी आते है भक्त-** गोसेवा के लिए लोगों में जागरूकता आने के साथ साथ दानदाताओं की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इन गायों की बेहतर तरीके से आश्रम समिति के सदस्यों के अलावा प्रतिदिन यहां 10 से 15 सदस्य गायो की सेवा करने और देखभाल करने के लिए आते है। यहां गोमाता की प्रतिदिन पूजा होती है। लोग भी इसके संचालन में सहयोग करते है। यही वजह है कि आसपास के 20 गांवो के लोग यहां जुड़े है। आस्था ऐसी कि 30 से 50 किमी दूर से भी लोग यहां आकर गायो को मिष्टान भोजन कराते हैं।

#### आहार कहीं लेने नही जाना पड़ता, सबकुछ आश्रम में उपलब्ध-

यहां सेवा देने वाले सदस्यों ने बताया किसी संत ने कहा था कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। कलयुग में गौसेवा करने से पुण्य प्राप्त है। जो बीड़ा यहां आने वाले भक्तों ने उठाया उसे आज सभी के सहयोग से पूर्ण कर दिया है। श्रीकृष्ण कामधेनु गोशाला में गौमाताओं को रखने के लिए शेड व उनके खाने-पीने के लिए ग्रास, भूसा व पानी की व्यवस्था आश्रम में ही है। वहीं कई भक्त ऐसे भी है जो विशेष तौर पर गुड़, मसूर की चूरी, दलिया आदि यहां लेकर आते है और गौमाता को खुद अपने हाथों से खिलाकर उनकी सेवा करते हैं।

#### भक्तों को दिया जाता है यह संदेश-

यहां आने वाले हर भक्त को आश्रम समिति के सदस्यों द्वारा यही सन्देश दिया जाता है कि अगर किसी की गाय बूढ़ी हो जाती है और वह उसकी सेवा अगर नही कर पा रहा है तो वह श्रीकृष्ण कामधेनु गोशाला में गाय को छोड दे और यहां प्रतिदिन आकर गौमाता की सेवा करें। आसपास के सभी भक्तजन यहां जुड़कर गौमाता की सेवा में लगे हुए हैं। लोगो का कहना है कि यह सब उनकी रोजमर्रा की दिनचर्या में शामिल हो गया है। सुचारू रूप से चलाने के लिए जहां गोशाला समिति के प्रयास सराहनीय है तो वहीं ग्रामीणों की गौसेवा में रूचि भी काबिल-ए-तारीफ है। गांव के लोग विवाह या अन्य अवसरों पर गौसेवा में राशि देना कभी नही भूलते है। इसके अलावा राजनीतिक लोगों ने भी इस गोशाला के निर्माण और संचालन में अहम भूमिका निभाई है, जिसके चलते श्रीकृष्ण कामधेनु गोशाला जिलेभर में अपनी एक अलग पहचान कायम किए हुए है।

#### क्या होता है आईएसओ नंबर?

- क्रड एक गैर-सरकारी संगठन है, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है
- आईएसओ के कुछ सबसे सामान्य मानक क्रड 9001 और क्रड 14001 हैं
- ISO 9001 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली से संबंधित है
- ISO 14001 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली से संबंधित है
- ISO 27001 सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली से संबंधित है
- आईएसओ मानकों का उद्देश्य विभिन्न उद्योगों में उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं के लिए एक समान दृष्टिकोण प्रदान करना है, जिससे विश्व स्तर पर स्थिरता और अनुकूलता सुनिश्चित हो सके।

### महाराजा भोज स्मृति वसंत उत्सव समिति प्राचीन परंपरा का करेगी निर्वाह

# मां वाग्देवी समरसता मातृशक्ति कावड़ यात्रा कल



**गुड इवनिंग, धार**

इस वर्ष भी मां वाग्देवी व भोजशाला की मुक्ति एवं उनके गौरव की पुनर्स्थापना के संकल्प के साथ महाराजा भोज स्मृति वसंत उत्सव समिति द्वारा प्राचीन परंपरा का निर्वाह करते हुए पवित्र श्रावण माह के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को भव्य मातृशक्ति कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है।

महाराजा भोज उत्सव समिति के माध्यम से धार नगर की मातृशक्तियों द्वारा भगवान धारनाथ का विभिन्न तीर्थों के पवित्र जल से जलाभिषेक किया जाता है। इस वर्ष भी पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवार को धार नगर के अति प्राचीन नाग चंद्रेश्वर मंदिर से मातृशक्ति कावड़ यात्रा प्रात 10:00 बजे प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई भोजशाला दर्शन कर धार के अधिष्ठाता भगवान धारेश्वर मन्दिर पहुंचकर पवित्र जल से मातृशक्ति द्वारा भगवान धारनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। मां वाग्देवी समरसता मातृशक्ति कावड़ यात्रा का यह 23 वां वर्ष है। प्रतिवर्ष नगर की हजारों मातृ शक्तियों द्वारा कावड़ यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान धारनाथ का जलाभिषेक कर पवित्र श्रावण माह में पुण्य लाभ अर्जित किया जाता है। मां वाग्देवी समरसता मातृशक्ति कावड़ यात्रा हेतु यात्रा संरक्षक का दायित्व सरला पांडर, चंदा भाभर, कलावती रघुवंशी, एवं सुनीता शर्मा को दिया गया है। साथ ही कावड़ यात्रा संयोजिका सुमन जाट जेतपुरा एवं सहसंयोजिका ज्योति अटारे को बनाया गया है। मां वाग्देवी मातृशक्ति कावड़ यात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं हेतू ज्योति मंदिर में कार्यकताओं की वृहद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के वरिष्ठ गोपाल शर्मा, राजेश शुक्ला, हेमंत दौराया द्वारा मार्गदर्शन किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष सुरेश जलोदिया व महामंत्री सुमित चौधरी द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व श्याम मालवा, योगेश देवड़ा, बंटी राठौर, निखिल जोशी, विक्रम लववंशी, श्याम बडू बाबर, सतीश सोनी, बडू बाबर, बलराम प्रजापत, संजय शर्मा, जगदीश राठौर दिनेश पटेल, व पप्पू सेन को दिया गया।

# सोयाबीन की पत्तियां पीली पड़ने के साथ कीटों का प्रकोप

## सारंगपुर में किसानों की बढ़ी चिंता, कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर क्षेत्र में बारिश की कमी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सोयाबीन की फसल को नुकसान हो रहा है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष काफी कम बारिश हुई है। जुलाई में बारिश न होने से कई जगह सोयाबीन में पानी की कमी हो गई है। इससे पौधों की पत्तियां पीली पडने का डर हैं और कुछ स्थानों पर कीडे भी लग गए हैं। किसान नितेश परमार एवं सचिन गुर्जर ने बताया कि बारिश की कमी से सोयाबीन की फसल प्रभावित हो रही है। उनके और आसपास के खेतों में यह समस्या देखी जा रही है। कीडे सोयाबीन की पत्तियों को खा रहे हैं, जिसके कारण कीटनाशक का छिडकाव करना पड रहा है।

**स्प्रिंकलर से पानी दें**-सारंगपुर कृषि विभाग के एसओडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि कई क्षेत्रों में पानी की कमी के कारण फसलों की वृद्धि प्रभावित हो रही है और पत्तियां पीली पड़ने का डर हैं। उन्होंने किसानों से घबराने के बजाय सलाह पर अमल करने को कहा है। उन्होंने बताया कि बारिश की कमी और मिट्टी की स्थिति के कारण यह समस्या उत्पन्ना हो रही है। किसानों को स्प्रिंकलर (फव्वारा पद्धति) से पानी का छिडकाव करने या अन्य साधनों से पानी डालने की सलाह दी है, ताकि खेतों में नमी बनी रहे।





### खेत के पास घास से दूर रहे

श्रीराजपूत ने कहा कि जहां कीट हो रहे हैं, वहां खेत के पास पडी घास या भूसे को दूर करने और आवश्यकतानुसार कीटनाशक दवा का छिडकाव करने की सलाह दी गई है। अधिक परेशानी होने पर कृषि विभाग को सूचित करने को कहा गया है, ताकि कृषि वैज्ञानिक उचित सलाह और उपाय प्रदान कर सकें।

### इनका कहना



कुछ क्षेत्रो में मौसम के कारण पत्तियां पीली पड़ने का डर हैं, और इल्लियों का मामूली प्रकोप दिखा है। किसानों को घबराने की जरुरत नहीं है। किसान स्प्रिंकलर (फव्वारा पद्धति) से पानी का छिडकाव करे या अन्य साधनों से पानी डाले। ताकि खेतों में नमी बनी रहे।

**-राजेश राजपूत**, एसओडीओ, सारंगपुर।

आखिर कब सुधरेगी सारंगपुर बस स्टैंड की दशा

# सात साल पहले बनी थी सड़क, अब हो गए गड्ढे

## उबड़-खाबड़ सड़क से क्षतिग्रस्त होते हैं वाहन, बस स्टैंड सड़क कार्यकल्प कार्य सालों से प्रस्तावित

गुड इवनिंग, सारंगपुर

पूर्व नपा परिषद् कार्यकाल में लगभग 7 साल पहले वर्ष 2018 में नए बस स्टैंड पर सड़क निर्माण कार्य किया गया था जो अब खस्ताहाल स्थिति में पहुंच गया है। बस स्टैंड की सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढो ने अपना घर बना लिया है, जिससें न केवल बस संचालक को परेशानी आती है, बल्कि बस स्टैंड पर प्रतिदिन आने-जाने वाले सैकड़ो यात्रियों को भी मुसीबतें झेलनी पड़ती है। यह गड्ढे बस स्टेंड के शुरूआती छोर मैजिक स्टेड से लेकर राजीव गांधी पार्क तक भयंकर रूप धारण कर चुके है। मरम्मत को लेकर नपा प्रशासन को जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है। बारिश होने पर भी यहां पर किचड़ ही किचड़ होने से पैदल चलना भी दूभर है।



**उड़ती है धुल क्षतिग्रस्त होते है वाहन**-बस स्टैंड की सड़क पर गड्ढो के कारण बारिश का पानी भरने से कीचड़ में परिवर्तित हो जाता है और फिर वही कीचड़ धुल के कड़ों में बदलकर वाहनों के पहिय्यों के चलने से उड़ती है और इससे राहगीर सहित दुकानदारों को परेशान करती है। इससे लोगों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

**सालों से अटका बस स्टैंड का कायाकल्प**-उल्लेखनीय है कि नगरपालिका के द्वारा शहर की सडकों के सुधार के लिए कायाकल्प अभियान चलाया जाना है। लेकिन सालों से कायाकल्प निर्माण में स्वीकृत कार्य अटके होने के कारण बस स्टैंड का कायाकल्प नहीं हो गया है। अब नागरिकों का कहना है कि सडकों के न बनने से परेशानी हो रही है। बस स्टैंड की सड़क पर नपा को सुधार कार्य कराना चाहिये ताकि आमजन एवं यात्रियों को गड्ढो एवं धुल से निजात मिल सके।

**भारी वाहनों का प्रवेश जारी**-भेरूदरवाजा मार्ग इन दिनों अनेकों अव्यवस्थाओं से घिरा नजर आता है। इस मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने के बाद भी धड़ल्ले से इस भेरूदरवाजा रोड़ पर प्रवेश बेरोकटोक होता है। इन्ही भारी वाहनों के चक्कर में इस महत्वपूर्ण मार्ग पर इन भर जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है, जिसका खामियाजा आमजनों को उठाना पड़ता है।

**मार्ग की चौड़ाई पर्याप्त, फिर भी जाम**-शहर के अतिमहत्वपूर्ण मार्ग की वास्तविक चौड़ाई तो पर्याप्त है लेकिन यहां पर भारी वाहनों का जैसे ही प्रवेश होता है तो जाम की समस्या उत्पन्न होना शुरू हो जाती है। उसके अलावा जाम लगने की दुसरी वजह दुकानदारों के द्वारा सड़कों पर सामान रखने, ग्राहकों द्वारा सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से अपने दो एवं चार पहिया वाहन खड़े करने से भी जाम की हालात निर्मित होते है। नपा ने कुछ दिन पहले चेतावनी दी थी कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी लेकिन अभी तक कार्यवाही नपा अमल ने नहीं की जिससें अतिक्रमणकारियों के हौसलें बुलंदी पर है।

### ट्रैक्टर-ट्राली में लटके सरिए बनते है खतरा

भेरूदरवाजा मार्ग पर प्रतिदिन सरिए भरकर ट्रेक्टर-ट्रालियां आना-जाना लगा रहता है। इन ट्रालियों में सरिए आधे बाहर लटके रहते है। ट्रेक्टर-ट्रालियों में आधे लटके सरियों से पीछे चलने वाले पैदल एवं दो एवं चार पहिया वाहन सवारों की जान को खतरा बना रहता है। इनसे अलावा लोड़ेड ट्रकों का भी आवागमन प्रतिबंधित मार्ग पर होते है, जिसके कारण जाम की स्थिति शहर के इस प्रमुख मार्ग पर बनी रहती है।

### प्रस्तावित है बस स्टैंड

हमारे द्वारा शहर की सड़कों का तेज गति से कायाकल्य करवाया जा रहा है और बस स्टैंड की सड़क पर कार्याकल्प कार्य प्रस्तावित है जो बारिश के कारण अटका हुआ। बस स्टैंड सड़क को प्राथमिकता के साथ सुधरवाया जाएगा।

**-ज्योति सुनहरे**, सीएमओ, सांरगपुर।

## एक पेड़ मां के नाम अभियानः शासकीय विद्यालय में किया पौधरोपण



गुड इवनिंग, सारंगपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय परिसर में ग्राम पंचायत पाडल्यामाता सरपंच सुभाषचंद्र पाटीदार, समाजसेवी गोवर्धन लाला, देवनारायण पाटीदार, मनोहर सेठ, मुमताज मंसूरी, देवनारायण पटेल, संस्था प्राचार्य पीसी रावतिया, वरिष्ठ शिक्षक एमएस पुष्पद, कन्या हाई स्कूल प्राचार्य बीपी पाटीदार, शिक्षक हेमंत नाहर, समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र/छात्राओं द्वारा नीम पीपल आदि पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर छात्र, छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य रावतिया ने कहा कि सभी अपनी माँ के सम्मान में एक पेड अवश्य लगाएं।

संपादकीय

## हरियाली तीजः परंपरा की जड़ें और आधुनिकता की डालियां



हरियाली तीज केवल श्रृंगार, झूला और व्रत का पर्व नहीं, बल्कि भारतीय स्त्री के आत्मबल, प्रेम और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। आधुनिकता की दौड़ में यह त्योहार भले ही प्रदर्शन का माध्यम बनता जा रहा हो, पर इसकी आत्मा अब भी स्त्री के मन, पर्यावरण और लोकसंस्कृति में जीवित है। यह पर्व रिश्तों में स्थायित्व, समाज में समरसता और जीवन में हरियाली लाने का संदेश देता है। आवश्यकता है इसे सादगी, सामूहिकता और संवेदना के साथ फिर से जीने की, ताकि परंपरा आधुनिकता के संग आगे बढ़े। हरियाली तीज का नाम लेते ही आँखों के सामने एक चित्र उभरता है—हरा चूनर ओढ़े खेत, बारिश की बूंदों से भीगी धरती, झूलती बालाएं, मेंहदी रचे हाथ और लोकगीतों की सुमधुर गूंज। पर यह चित्र अब केवल स्मृति में रह गया है, क्योंकि आधुनिकता की तेज रफ्तार ने परंपराओं के रंगों को हल्का कर दिया है। फिर भी हरियाली तीज आज भी भारतीय स्त्रियों के मन में गहरे तक रची-बसी है। यह पर्व आज केवल धार्मिक या पारंपरिक नहीं, बल्कि सामाजिक, मानसिक और सांस्कृतिक संदर्भों में भी विशेष महत्व रखता है। हरियाली तीज वर्षा ऋतु में मनाया जाने वाला एक प्रमुख पर्व है, जो शिव-पार्वती के पुनर्मिलन की स्मृति में विवाहित महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। यह श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को आता है, जब आसमान बादलों से भर जाता है और धरती पर हरियाली बिछ जाती है। हरियाली तीज का मूल भाव प्रेम, समर्पण, सौंदर्य और प्रकृति के साथ तादात्म्य का है। पहले जहां इस पर्व को गाँवों और कस्बों में सामूहिक रूप से खुले वातावरण में मनाया जाता था, वहीं आज शहरी अपार्टमेंटों, वातानुकूलित हॉलों और सोशल मीडिया की चमक में इसकी आत्मा कहीं खोती जा रही है। प्रश्न यह नहीं है कि पर्व मनाया जा रहा है या नहीं, प्रश्न यह है कि हम किस भाव से उसे निभा रहे हैं। पहले यह त्योहार स्त्रियों को सालभर की व्यस्तता और परिश्रम से थोड़ी राहत देने वाला, उनके भावनात्मक संसार को सहेजने वाला एक सहज अवसर होता था। स्त्रियाँ बिना किसी दिखावे के, प्राकृतिक परिवेश में एक-दूसरे से मिलती थीं, अपने सुख-दुख साझा करती थीं, लोकगीतों में अपने अनुभवों को पिरोती थीं। लेकिन अब यह पर्व कहीं-कहीं सर्वश्रेष्ठ श्रृंगार प्रतियोगिता, ह्यतीज क्वीन और ह्यसेल्फी विद स्विंग जैसे आयोजनों में तब्दील हो गया है, जहाँ संवेदना की जगह प्रतियोगिता ने ले ली है। हरियाली तीज स्त्री मन के उस पक्ष को उजागर करता है जो प्रेम, प्रतीक्षा और पारिवारिक समर्पण से जुड़ा होता है। आज के दौर में जब रिश्ते त्वरित संवाद और क्षणिक भावनाओं में बदलते जा रहे हैं, तब यह पर्व स्थायित्व, आस्था और धैर्य का संदेश देता है। यह पर्व यह भी सिखाता है कि संबंधों को केवल अधिकार से नहीं, कर्तव्य और भावना से निभाया जाता है। पति की दीघार्यु के लिए व्रत रखना हो या शिव-पार्वती जैसे दांपत्य संबंधों की कल्पना, इन सबमें एक ऐसा भाव छिपा है जो स्त्री को त्याग का नहीं, बल्कि आत्मबल का प्रतीक बनाता है। आधुनिक संदर्भ में देखें तो यह पर्व कई नए अर्थों को जन्म देता है। जहां पहले तीज केवल विवाहित स्त्रियों तक सीमित थी, अब कई स्थानों पर इसे अविवाहित लड़कियाँ भी आत्मिक अनुभूति और सामूहिक संस्कृति के रूप में मनाने लगी हैं। कार्यरत महिलाओं के लिए यह पर्व अपने अस्तित्व और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ने का एक माध्यम बनता जा रहा है।

## रामचंद्र नागर श्री धाकड़ महासभा के प्रदेश महामंत्री नियुक्त

गुड इवनिंग, सारंगपुर



धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर के द्वारा पटाड़िया धाकड़ के पूर्व सरपंच रामचंद्र नागर को श्री धाकड़ महासभा के प्रदेश महामंत्री पद पर नियुक्त किया। नियुक्ति के उपरांत श्री नागर ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना और पूर्ण निष्ठा से समाज को आगे बढ़ाने का वचन दिया। श्री नागर की नियुक्ति के बाद सभी सामाजिक लोगो मे बधाई प्रेषित की। जिनमे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री म प्र शासन मोहन नागर, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, बद्रीलाल भंडारी पार्षद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश पटेल, जिलाध्यक्ष महासभा हेमराज पटेल, मण्डल अध्यक्ष गिरवर भण्डारी, बद्रीलाल सुस्तानी, भारत भिलखेडी, राष्ट्रीय महामंत्री युवा संघ राम धाकड, राजेश भंडारी, शिवनारायण नागर, रामगोपाल नागर जिलाध्यक्ष युवा संघ, होकम सिंह नागर, कमल नागर ठेकेदार, गोविंद नागर, राजेश दराना, शिवम भण्डारी सम्मिलित थे।

## सारंगपुर में अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया कावड़ियों का स्वागत



**सारंगपुर।** सारंगपुर के ग्रामीण क्षेत्रों से कावड यात्रियों का जत्था कावड लेकर जा रहा है। इस दौरान शनिवार को अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री जाकिर सैफी के नेतृत्व में कावड यात्रा पर पैदल उज्जैन जा रहे यात्रियों का सारंगपुर बायपास पर स्वागत किया गया और उन्हें स्वल्पाहार कराया गया। इस मौके पर जाकिर सैफी, कपिल पुष्पद सहित अन्य उपस्थित थे।

## ऐप से मनरेगा में होने वाले कार्यों का समूहों के खातों में होगा भुगतान

गुड इवनिंग, सारंगपुर

अभियान के तहत क्षेत्र में अब पारंपरिक तरीके से पौधरोपण नहीं होगा। फजीर्वाडा और कागजी खानापूर्ति पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए सॉफ्टवेयर आधारित और हितग्राहीमूलक प्रणाली लागू कर दी है। अब 'एक बगिया मां के नाम नामक एप के जरिए ही पात्र हितग्राहियों का चयन होगा और उन्हें ही सीधे भुगतान मिलेगा। मनरेगा और आजीविका मिशन से क्रियान्वित इस अभियान में अब प्रशासन किसी भी सामग्री की आपूर्ति नहीं करेगा। चयनित हितग्राही खुद पौधा, बीज और खाद खरीदेगा और तय तकनीकी मापदंडों पर खरा उतरने के जलगंगा संवर्धन के बाद प्रामाणिक बिल के आधार पर उसे मनरेगा से प्रत्यक्ष भुगतान किया जाएगा। 100 हितग्राहियों का चयन हर जपं में होगा। जिसमें हजारों पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल ने बताया ने बताया पौधरोपण अब सिर्फ दिखावा नहीं, तकनीक आधारित क्रियान्वयन और जमीनी बदलाव की दिशा में ठोस कदम है। फजीर्वाडा, लापरवाही और पारदर्शिता और सीधे हितग्राही तक पहुंच ही अभियान की रीढ बनेगी।




**महिला स्व सहायता समूहों को मिलेगी प्राथमिकता**-इस बार महिलाओं को अभियान में अग्रणी भूमिका देने की योजना है। विशेषकर आजीविका मिशन की महिला सदस्य जो अपनी या परिजनों की भूमि पर फलोद्यान लगाना चाहती हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। पात्रता के लिए हितग्राही के पास 0.5 से 1.0 एकड भूमि होना अनिवार्य किया गया है। इससे अधिक भूमि स्वीकार नहीं की जाएगी। 'सिपरी एप न केवल हितग्राही और स्थल चयन करेगा, बल्कि भूमि की उपयोगिता, पौधों की अनुकूलता और जलस्रोत की उपलब्धता भी जांचेगा।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिलेगा इनाम**-राज्य सरकार ने इस अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले तीन जिलों, 10 जनपदों और 25 ग्राम पंचायतों को राज्य स्तरीय पुरस्कार देने की घोषणा की है। लाखों रुपए की प्रोत्साहन राशि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को दी जाएगी।

### अब पंचायतों को नहीं सीधे हितग्राही को मिलेगा लाभ

इस योजना में एक और बडा बदलाव ये है कि पंचायत, समिति या किसी एजेंसी को इसमें भुगतान नहीं होगा। हर भुगतान सीधे हितग्राही के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। इस फैसले से बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और पारदर्शिता को मजबूती मिलेगी। बता दे कि 14 अगस्त को गड्ढे खोदना व तारबंदी, 15 अगस्त से 15 सितंबर तक पौधारोपण किया जाना है।

### बोले जिम्मेदार

पौधरोपण सिर्फ दिखावा न बने और धरातल पर इसका प्रभाव है इसलिए तकनीक आधारित क्रियान्वयन और जमीनी बदलाव की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। नियमानुसार क्षेत्र में इसका हम क्रियान्वयन कराएंगे।

**-हेमेंद्र गोविल**, सीईओ, जनपद पंचायत, सारंगपुर।

# वार्ड क्र. 6 में सफाई मित्रों का अभिनंदन कर उपहार भेंट किए

गुड इवनिंग, इंदौर

वार्ड क्रमांक-6 में पचकुइया मार्ग स्थित हुकमचंद कॉलोनी, श्रीराम मंदिर परिसर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी एवं पार्षद संध्या यादव ने सफाई मित्रों का अभिनंदन किया। वहीं स्वच्छता सुपर लीग में नंबर एक के लिए वास्तविक हकदार सफाई मित्रों को बताया गया। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर की स्वच्छता का राज कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें नगर निगम द्वारा स्वच्छता की प्राथमिकता,नागरिकों की भागीदारी, जागरुकता एवं सफाई कर्मचारियों की मेहनत है, जो दिन-रात शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए काम करते हैं। महापौर, सांसद, पार्षद अतिथियों ने सफाई मित्रों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने प्रारंभ में सफाई मित्रों का अभिवादन किया और कृतज्ञता जताई।

महापौर भार्गव ने कहा कि शहर ने एक बार फिर स्वच्छता में अपना परचम लहराते हुए स्वच्छता सुपर लीग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के वार्ड क्रमांक छह में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह संपन्न हुआ।


पार्षद संध्या यादव ने बताया कि गरीमामयी उपस्थिति में समस्त सफाई मित्रों एवं नगर निगम के कर्मियों का हृदय से स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह के दौरान सफाई मित्रों को दुपट्टा, फूलों की माला पहनाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य इंदौर की स्वच्छता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समर्पित सफाई कर्मियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना था।



# ड्रग्स तस्करी के आरोप में रोका तो बाइक पर कार चढ़ा दी

गुड इवनिंग, इंदौर

*ड्रग्स तस्करी के आरोप में शहर के भाजपा नेता कमाल खाने के बेटे माज खान को क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार दिन में पकड़ने का प्रयास किया। जैसे ही टीम ने घेराबंदी की, उसने अपनी कार ही क्राइम ब्रांच के जवान की बाइक पर चढ़ा दी। टीम ने उसे दबोचा तो उसकी कार में एक युवती मिली। आरोप है कि माज उस युवती के साथ ड्रग्स तस्करी करता है। हालांकि, देर शाम तक कार्रवाई को लेकर अफसरों ने कोई खुलासा नहीं किया। माज के पिता कभी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।*



सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सदरबाजार निवासी आरोपी माज खान को लेकर क्राइम ब्रांच के जवान दीपक थापा को सूचना मिली थी कि माज सफेद कार (एमपी-09 डब्लू बी 0860) से धेनु मार्केट में घूम रहा है। उसके पास 50 ग्राम एमडी ड्रग्स भी है। वह अपने साथ वाली युवती की आड़ में ड्रग्स की तस्करी करता है। इस पर क्राइम ब्रांच की महिला कांस्टेबल व अन्य लोगों की टीम ने उसकी धेनु मार्केट में घेराबंदी की। इस दौरान माज ने टीम के जवान की बाइक पर कार चढ़ा दी।

## घेरकर पकड़ लिया

हंगामा करने पर पुलिस ने लोगों की मदद से उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। इसके बाद वह नौटंकी करने लगा। क्राइम ब्रांच के जवानों पर आरोप लगाए कि वे उसकी कार में एमडी ड्रग्स रखकर उसे फंसाना चाहते हैं। लेकिन, क्राइम ब्रांच की टीम ने उसकी कार से एक युवती को हिरासत में लेकर कार चेक की। इस दौरान कार से क्या मिला, इसका खुलासा टीम ने नहीं किया है। इधर, एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया का कहना है कि कुछ केमिकल मिला है, लेकिन वह एनडीपीएस एक्ट में आता है या नहीं, इसकी जांच करवाई जा रही है।

**चर्चा में रहा है आरोपी माज**-माज पूर्व में भी नगर निगम अफसरों के साथ हाथापाई व बदसलूकी करने के मामले में आरोपी रहा है। वर्ष 2022 में आरोपी ने राजबाड़ा इलाके में जश्न के दौरान भी जमकर बवाल मचाया था। इसका भाई बिलाल खान ड्रग्स तस्करी के मामले में पहले पकड़ा जा चुका है। बताते हैं बिलाल तो एमडी ड्रग्स तस्करी के बड़े तस्करों से जुड़ा है।

# ड्रग्स व गांजा सप्लाय करने वाले तस्कर गिरफ्तार

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में पढ़ने आए युवाओं को एमडी ड्रग्स और गांजा सप्लाय करने वाले तीन तस्करों को क्राइम ब्रांच ने दबोचा है। आरोपियों से मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने बताया, बदमाश का नाम अभिमन्यु राजपूत निवासी सोनकच्छ है। इसके कब्जे से 12.68 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली है। ये इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों में ट्रांसपोर्ट व्हीकल उपलब्ध करवाने का काम करता है। जल्द पैसा कमाने के लिए इसने ड्रग्स की तस्करी शुरू कर दी। इसका मोबाइल जब्त कर पड़ताल की जा रही है।



इधर, क्राइम ब्रांच ने गांजे की तस्करी करने वाले दो आरोपियों जीशान खान (20) और रेहान खान (19) दोनों निवासी धार को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 2 किलो 475 ग्राम गांजा व एक बाइक जब्त हुई है। टीम ने इन्हें चैतन्य हनुमान मंदिर एमआर 4 के पास से गिरफ्तार किया है।

# थाने से कुछ दूरी पर मंगलसूत्र लूटा

गुड इवनिंग, देपालपुर

गौतमपुरा थाने से मात्र 500 मीटर की दूरी पर महिला से चाकू की नोक पर मंगलसूत्र लूट लिया। थाना रोड निवासी सतीश शर्मा की धर्मपत्नी बिलपत्र तोड़ने के लिए शनिवार सुबह लगभग 6 बजे थाना रोड पर निकली थी। तभी दो बाइक सवार व्यक्ति उनके पास आए और अचलेश्वर महादेव मंदिर भगवान के मंदिर का रास्ता पूछने लगे, महिला जब रास्ता बता रही थी तभी एक व्यक्ति ने चाकू निकाल कर डराया और मंगलसूत्र छीनकर भाग निकले ।महिला जब घटना के तुरंत बाद थाने पर रिपोर्ट दर्ज करने गई तो वहां पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने बताया कि 10 बजे थाने पर आना तब आपकी रिपोर्ट दर्ज कर ली जावेगी क

महिला की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं जांच कर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

-**अरुण सोलंकी**, थाना प्रभारी गौतमपुरा

## जैसे ही ताला तोड़ा, शोरूम पर पहुंचकर चोरों को दबोचा

**इंदौर** ।राऊ में एक कार सर्विस सेंटर संचालक ने कैमरों में लगे सेंसर के मार्फत दो चोरों को पकड़ा है। चोरों ने जैसे ही ताला तोड़ा, सेंसर से संचालक को घर पर अलर्ट मिल गया। वह तुरंत पहुंचा और लोगों की मदद से बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस ने बदमाशों अजय मानकर और राम चौहान दोनों निवासी राजेंद्र नगर को पकड़ा है। फरियादी ने बताया, मेरी दुकान राऊ-पीथमपुर बायपास पर है। शुक्रवार रात 12.46 बजे मैं घर पर दुकान में लगे कैमरे के फुटेज देख रहा था, तभी नोटीफिकेशन आया कि दुकान में कोई घुसा है। मैं तत्काल पड़ोसी को लेकर दुकान पहुंचा तो पता चला दो बदमाश काउंटर के पास टार्च के उजाले में छानबीन कर रहे थे, उन्हें पकड़ लिया। उधर, राऊ पुलिस को आशु जैन बताया कि मेरे ससुर भोपाल गए थे। शुक्रवार सुबह उनके पड़ोसी ने बताया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है। हम वहां पहुंचे तो पता चला बदमाश 2 नग सोने के कंगन, चांदी के सिक्के 500 ग्राम, पुरानी बिछिया 4 नग, चांदी के दो ग्लास, 1 एलसीडी, 20,000 रुपए और एक टीवी ले गए हैं। वहीं, चंदन नगर पुलिस को रईस शेख निवासी खजराना ने बताया कि कोई बदमाश सर्विस रोड से उसके जीजा का मिनी ट्रक चुराकर ले गया।

# व्यापारी के नक्शे पास कराने के लिए 3 लाख ठगे

गुड इवनिंग, इंदौर

एमजी रोड पुलिस ने एक ठग महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसने खुद को निगम की इंजीनियर बताकर बुजुर्ग दंपति को ठग लिया। महिला ने खुद के खाते में तीन लाख रुपए डलवाए लिए। जांच के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने कपड़ा व्यापारी सदन भरिहोक (75) निवासी साउथ तुकोगंज की शिकायत पर रंजिता ठाकुर (31) मोहता नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। व्यापारी ने बताया, मैंने स्कीम-114 में दो प्लॉट खरीदे थे। वहां मकान बनाने के लिए नक्शा पास करवाना था। एक परिचित ने मुझे निगम मे रंजिता ठाकुर से मिलाया। रंजिता ने नक्शा पास करवाने के लिए प्लॉटों के दस्तावेज ले लिए। वह बोली नक्शे तैयार कर लिए हैं। आपको नक्शा पास करवाने के 1,38,168 रुपए और प्लॉट के 1,48,166 रुपए व अन्य खर्च के 25,000 रुपए देना होंगे।

**अकाउंट में डलवा लिए पैसे**-मैंने कहा, राशि मैं निगम के खाते में डाल देता हूं तो वह बोली मेरे खाते में ही डालो। मैं निगम में नक्शे पास करवाने का ही काम करती हूं। आपको 2,86,334 रुपए मेरे खाते में डालने होंगे, क्योंकि निगम में डायरेक्ट जमा नहीं होते। विश्वास कर मेरी पत्नी ने बेटे के खाते से 1.86 लाख व 25 हजार रुपए नकद यानी 3,11,334 रुपए रंजिता को दे दिए गए। काफी समय बाद मैंने नक्शे का पूछा तो वह टालती रही। हम नगर निगम गए तो पता चला वहां ऐसी कोई अधिकारी नहीं है। नगर निगम से मुझे पता चला कि हमारी फाइल रिजेक्ट हो गई है।

## ट्रैफिक में बनेंगे नंबर वन...




फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। स्वच्छता के बाद अब ट्रैफिक में नंबर वन बनेगा इंदौर, महापौर ने बाइक राइड से दिया संदेश। रविवार को इंदौर बना ट्रैफिक सुधार की मुहिम का ग्राउंड जीरो, महापौर और विधायक मेंदोला भी उतरे बाइक पर स्वच्छता में देश का महा गुरु बन चुके इंदौर ने अब ट्रैफिक सुधार में भी देशभर में मिसाल बनने की ठानी है। इस मुहिम को नई रफ्तार दी गई रविवार को, जब इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में ट्रैफिक मित्र अभियान के तहत एक प्रेरणादायक बाइक राइड का आयोजन किया गया। विजय नगर से राजीव गांधी सर्कल और फिर वापसी तक की इस जागरुकता राइड में सैकड़ों बाइकर्स ने उत्साह से हिस्सा लिया।

# युवती से दोस्तों ने की छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

राजेंद्र नगर क्षेत्र में लिव इन पार्टनर से मिलने आई एक युवती के साथ उसके पार्टनर के दो दोस्तों ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया। उसने विरोध किया तो युवती को पीट दिया। वह मुश्किल से छूटकर भागी और थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने 23 साल की पीड़िता की शिकायत पर आरोपी विनोद साहू और सचिन साहू के खिलाफ केस दर्ज किया। घटना कैट रोड स्थित एक कॉलोनी की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया, मैं बॉयफ्रेंड भूपेंद्र साहू से मिलने भोपाल से इंदौर आई थी। मैं और



भूपेंद्र चार साल से लिव इन रिलेशनशिप में रहे। विनोद ने भूपेंद्र को फोन कर मुझे सहकार नगर में उसके रूम पर बुलाया था।

हम वहीं रात रुकने वाले थे। वहां पर विनोद और भूपेंद्र ने शराब पी। कुछ देर बाद उनका एक और दोस्त सचिन साहू भी आ गया। खाने के दौरान सचिन मुझसे बात करने लगा। फिर सचिन और विनोद मेरे व भूपेंद्र के साथ मारपीट करने लगे। वे मुझे धमकाने लगे। साथ ही सचिन-विनोद मेरे साथ छेड़खानी करते हुए जबरदस्ती करने लगे। मैं खूब चिल्लाई और बचकर भाग निकली।

उधर, विजय नगर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर सन्नी चौधरी निवासी अनिल नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती बोली, सन्नी और मेरी दोस्ती थी। मैं कम्प्यूटर क्लास जा रही थी तो सन्नी मिला और छेड़छाड़ करने लगा। दबाव बनाने लगा कि मुझसे शादी कर ले। मैंने विरोध किया तो वह मारपीट करने लगा।

## व्यापारी ने फांसी लगाकर जान दी, वीडियो भी बनाया

**इंदौर**। हीरानगर इलाके में एक रेडीमेड कपड़ों के कारोबारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। इससे पहले उसने वीडियो बनाकर पत्नी को मौत का जिम्मेदार बताया है। एडिशनल डीसीपी जोन-3 रामसनेही मिश्रा के अनुसार, व्यापारी ने जान देने के पहले सुसाइड नोट के रूप में मां के लिए एक वीडियो बनाया। व्यापारी व उसकी पत्नी के बीच दो मकानों को लेकर विवाद की बात भी सामने आई है। पता चला है कि पत्नी ने कुछ समय पहले अपनी बच्ची को बाणगंगा थाने ले जाकर पति के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। उधर, भंवरकुआं के विद्या नगर में 12वीं की छात्रा अवनी ने जहर खाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि वह स्कूल से लौटकर घर पहुंची और जहर खा लिया फिर एक दोस्त को फोन लगाया। परिजन व दोस्त उसे अस्पताल लेकर गए थे।

# कॉम्बिंग गश्त में 97 शराबी चालक पकड़ाए

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में शुक्रवार देर रात पुलिस ने विशेष कॉम्बिंग गश्त चलाई। इस दौरान अधिकारियों ने अलग-अलग चौराहों पर बैरिकेडिंग कर चेकिंग अभियान चलाया। इसमें करीब 1015 लोगों की जांच की गई। इसमें 97 वाहन चालकों को ब्रिथ एनालाइजर चेकिंग में शराब पिए हुए पाया गया। सभी के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट में केस दर्ज कर ड्रिंक एंड ड्राइव का केस बनाया।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया, शुक्रवार देर रात सरप्राइज कॉम्बिंग गश्त में चेकिंग की गई। थाना इलाकों में घूमते पाए गए करीब 1015 लोगों को चेक किया गया। इनमें 492 अपराधी किस्म के लोग मिले, जिन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

इसके अलावा 97 लोग शराब के नशे में वाहन चालते पाए गए। उनके चालान बनाकर गाड़ियां जब्त की गईं। उधर, एरोड्रम इलाके में टीआई तरुण भाटी की टीम ने देसी पिस्टल के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। बदमाश के पास से एक कारतूस भी मिला है। इधर, एमआईजी पुलिस ने चाकू व अन्य नुकीले हथियार लेकर घूम रहे चार बदमाशों को पकड़ा है।

## इंदौर संभाग वेलफेयर सोसायटी का पहला सम्मेलन संपन्न

**इंदौर**। संभागायुक्त दीपक सिंह के निर्देशन में राजस्व आयुक्त कार्यालय इंदौर संभाग वेलफेयर सोसायटी का पहला सम्मेलन आयुक्त कार्यालय में संपन्न हुआ। सम्मेलन में अधिकारी-कर्मचारी सहित उनके परिजन भी शामिल हुए । इस अवसर पर संभागायुक्त दीपक सिंह ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के बच्चों से परिचय लेते हुए बच्चों से स्नेहपूर्वक आगे भविष्य संवारने के बारे में जानकारी ली और साथ ही उन्होंने बच्चों को स्कूली किट में बैग, टिफिन बॉक्स, पेन, कॉपी, रजिस्टर व कंपोक्स बॉक्स आदि प्रदान किया। सम्मेलन में उपायुक्त सपना लौवंशी, संयुक्त विकास आयुक्त डी.एस. रणदा, उपायुक्त विकास पुरुषोत्तम पाटीदार और विकास विस्तार अधिकारी पवन जैन भी शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिर्राज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।